52 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in | यह मुज़फ़्फ़रनगर है...

न्यूनतम 10.7 °c अधिकतम 18.4 °c

मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 | संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा | रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय : 7:14 सूर्यास्त-5:37 | वर्ष : 52/ अंक : 08 बुधवार, 08 जनवरी 2025 पौष, शुक्ल पक्ष, नवमी सम्वत् 2081 | मूल्य 3 रुपये | कुल पृष्ठ-4

अमृतवाणी

फोकस ऐसा रखो कि आपके और आपके सपनों के बीच में कोई न आ सके।

मतदान व्यवस्था निष्पक्ष, ईवीएम हैक-प्रूफ : मुख्य चुनाव आयुक्त

लाख हमने की तरक्की छू लिया आकाश को... कुछ जनों का मन बदलना आज भी मुमकिन नहीं.....

'मुर्दे' ही उठकर 'जिंदे' नेताओं को शिकायत करेंगे, शायद तभी बनेगी यह 80 फुटा रोड

मुजफ्फरनगर, 7 जनवरी (बु.)। मुजफ्फरनगर शहर की एक 80 फुट चौड़ी ऐसी सड़क जो साल दो साल से नहीं, बल्कि लगभग 20 साल से विकास की बांट जोह रही है। यूं तो जनपद में विकास की गंगा-यमुना कहां-कहां बह रही है, यह बताने की आवश्यकता ही नहीं है। शायद पूरे शहर में एक भी सड़क ऐसी नहीं होगी, जिस पर वाहन सरपट दौड़ सकते हों। हर सड़क में गड्ढों के अलावा कुछ है ही नहीं, मगर सरवट गोल चक्कर से रुड़की चुंगी को निकलने वाली यह सड़क पिछले 20 वर्षों से दयनीय हालत में है। बिना बारिश के भी इस सड़क पर होने वाले जलभराव में छोटी-मोटी मछलियां नहीं बल्कि इंसान भी तैर सकते हैं। दुपहिया वाहन तो आए दिन और दिन में दर्जनों बार यहां फंसे दिखाई देते हैं और चौपहिया वाहन बिना अपने पहिये कीचड़ में डुबोए यहां से निकल नहीं सकते। बड़ी बात यह है कि हर बार यहां के नागरिक इसी विश्वास पर सभासदों, विधायकों और सांसदों को वोट देते आए हैं, मगर पिछले 20 वर्षों में किसी ने भी इस सड़क को बनवाने का प्रयास नहीं किया। बड़ी बात यह है कि यह सड़क सिर्फ अल्लाह के भरोसे नहीं है, रामभरोसे भी है। यूं तो यह सड़क मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्र के बीच में है मगर इसी सड़क पर जनकपुरी का श्मशान घाट भी है जहां जनकपुरी के लोग शवों के अंतिम संस्कार के लिए यहां पर लाते हैं। उसके बावजूद भी यह सड़क बनती दिखाई नहीं पड़ती।

किसी दिन मुर्दा ही उठकर बोलेगा कि नेताजी मैं तो जा रहा हूं, मगर अपने जाने से पहले ये सड़क बनवा देना

मुजफ्फरनगर, 7 जनवरी (बु.)। यह कहना कहीं भी गलत न होगा कि यह सड़क शायद उसी दिन बनेगी, जिस दिन किसी अंतिम यात्रा के पीछे कोई बड़ा नेता राम नाम सत है कहता हुआ चल रहा होगा और तभी अर्थी से मुर्दा उठेगा और कहेगा कि श्रीमान रामनाम को छोड़िए इस सड़क का उद्धार मेरे जाने के बाद जरूर करवा दीजिएगा। शायद उसी दिन किसी नेता की आंख वास्तविक रूप से खुलेगी, क्योंकि जनपद में जीवित जनता की तो सुनना नेताओं ने बिल्कुल छोड़ दिया, शायद जब मुर्दे जगाएं तो नेताओं को याद आ जाए कि चलो जीवित लोगों की तो हमने सुनना छोड़ दिया, मुर्दे की बात न मानी तो हमारा हश्र क्या हो सकता है, यह बताने की जरूरत नहीं है। इस सड़क के हालात ऐसे हैं, कि जनकपुरी, इंदिरा कॉलोनी मौहल्ले के अंतिम संस्कार करने वाले लोग इस रोड से अंतिम यात्रा इसलिए भी नहीं ले जाते, क्योंकि उबड़ खाबड़ रास्तों के कारण अंतिम यात्रा को कांधा देने में बड़ी परेशानी का सामना करना पड़ता है। कब कहां कितना गहरा गड्ढा आ जाए और किसका पैर डगमगा जाए, इसका कोई भरोसा नहीं है। ऐसे में अधिकांश लोग इस रोड से जाने में बचते हैं।

अल्लाह वालों की भी नहीं सुनते नेता

मुजफ्फरनगर, 7 जनवरी (बु.)। हर पांच साल बाद कभी चेयरमैन, कभी विधायकी तो कभी सांसदी के नाम पर मुस्लिमों के वोट बंटोरने वाले नेता भी अपने वोटरों की नहीं सुनते, जबकि मुजफ्फरनगर जनपद में मौजूदा सांसद मुस्लिम मतों के दम पर ही चुनाव जीते हैं उसके बावजूद भी इस सड़क की सुध लेने के लिए कोई नहीं आता। माजपाई तो शायद इस वजह से इस सड़क के निर्माण में कोई रूचि नहीं रखते होंगे, क्योंकि माजपाइयों को तो मुस्लिम वोटर हर बार धोखा ही देता है, मगर जिनके वोटों के दम पर मुजफ्फरनगर के सांसद बने हैं, कम से कम उनके लिए तो यह सड़क तुरन्त बनवा देनी चाहिए।

बिजनौर व मुजफ्फरनगर दोनों सांसदों के कोटे में आती है यह सड़क

मुजफ्फरनगर, 7 जनवरी (बु.)। सरवट गोल चक्कर से रुड़की चुंगी जाने वाली यह सड़क दो संसदीय क्षेत्रों का हिस्सा है। इसका कुछ भाग बिजनौर लोकसभा सीट जहां के सांसद चंदन चौहान हैं तथा कुछ भाग मुजफ्फरनगर लोकसभा सीट में आता है, जिसके सांसद हरेन्द्र मलिक हैं। दो-दो सांसद होने के बावजूद भी इस सड़क का उद्धार कोई नहीं करा पा रहा। इससे पहले बिजनौर से बसपा सांसद मलूक नागर ने भी कभी इस सड़क पर आकर झांकर नहीं देखा। हालांकि बसपा सांसद मलूक नागर के नाम के गुमशुदा की तलाश के पोस्टर मुस्लिम मतदाता चुनाव के दौरान लगा चुके हैं, मगर तब तक नागर का कार्यकाल लगभग पूरा हो चुका था। चूंकि वर्तमान सांसद मुस्लिम मतदाताओं के दम पर सांसद बने ही नहीं इसलिए अभी तक वर्तमान सांसद चंदन चौहान का ध्यान भी इस सड़क पर नहीं है, फिर भी सांसद होने के नाते उन्हें आस है कि वर्तमान सांसद इस सड़क को बनवाने का काम करेंगे। अब देखना यह होगा कि वर्तमान सांसद चाहे वो बिजनौर के हों या मुजफ्फरनगर के इस सड़क का उद्धार करते हैं अथवा नहीं।

हरेन्द्र मलिक

अनिल कुमार

चंदन चौहान

यह हालत कई वर्षों से ऐसे ही देखते आ रहे हैं। कई साल पहले इसके ऊपर ईंटों का खड़ंजा किया गया था, जो कांवड़ के समय में किया गया था। उसके बाद कोई काम नहीं हुआ, जहां पानी भर गया, बस भर गया। खड़ंजा जब कभी 10-12 साल पहले जब हम छोटे थे, तब लगा था। -सलाउद्दीन

कई मर्तबा कोशिश की गई, मगर इसमें कोई सुनवाई नहीं हुई। इसको लेकर हमने एक बार हाईवे भी जाम किया था, एक बार उसको लेकर भी प्रदर्शन किया गया था। मौहल्ले के लोगों के साथ जनकपुरी के भी लोग थे, मदीना कॉलोनी के भी थे। लेकिन कोई समाधान नहीं हुआ। आए दिन यहां लोगों को चोट भी लगती है। -मोहम्मद शबाब

10-12 साल से इसको ही देख रहे हैं। अगर किसी से गुहार की जाए तो यह सब यूं ही कह देते हैं कि मुसलमान के ऊपर काम करके क्या करोगे। राजनीति हिंदू मुसलमान की की जा रही है। यूं कहते हैं कि मुसलमान की पहचान खत्म हो जाएगी, अगर सड़क बन गई तो...और सही बात तो यही है कि तुम इसे बनवा दोगे तो कह दोगे कि मुसलमान का विकास हुआ है और मुसलमान का विकास करवाना ही नहीं चाहते। -नसीम

मैं भी इसी रास्ते को देख रहा हूं। आज तक तो इसकी सुनवाई नहीं हुई है, जब भी इस रास्ते का जिक्र किसी से किया है, तब से यह समझ लीजिए हर साल बरसात से पहले इसका टेंडर निकल जाता है, जो करोड़ों का होता है। हर बार डायलॉग बाजी होती है और कुछ नहीं। -अब्दुल वाहिद

आप देख लो विकास हुआ है या नहीं। यहां रिक्शा गिरते हैं, खून से लथपथ होते लोगों को हमने उठाया है। बुरा हाल है। कहां विकास है आप खुद ही देख लो। विकास तो यहां खत्म हो गया। -गुलबहार

10-12 साल हो गए ऐसे ही हाल है। कई बार यहां भी आकर जा चुके हैं नेतागण। यहां तो कई बार रिक्शा पलट जाती है। बहुत से रिक्शा वाले तो सवारी को उतार कर पैदल ही चले जाते हैं। बाइक वाले भी गिरते रहते हैं। -इमरान

ये सड़क गोल चक्कर से लेकर चुंगी तक ऐसे ही पड़ी है टूटी हुई। करीब 1 किलोमीटर का टुकड़ा है। मैं जब से देख रहा हूं यह बनी ही नहीं है। एक साइड नाला है एक साइड नाला नहीं है और इसी वजह से यहां पानी भरता रहता है। -आदिल

10-12 साल हो गए हैं यह सड़क नहीं बनी। हम कचहरी गए थे इस समस्या का समाधान करने के लिए। यहां रिक्शाएं भी गिरती हैं, मैं खुद रिक्शा चलाता हूं। -नवाब

आपका धन्यवाद आपने यह मुद्दा उठाया और यह समस्या 10-12 साल से ऐसे ही पड़ी है। किसी को भी कह लो, चाहे एमपी साहब हो, चाहे चितरंजन जी के यहां हो, कोई ऐसी जगह नहीं है, जो हमने इस रास्ते को लेकर इसकी समस्या ना उठायी हो। -शाहिद त्यागी

इस सड़क का एक करोड़ 75 लाख का टेंडर हो चुका है। कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार ने इसकी जानकारी दी है और मार्च तक इसका काम भी शुरू हो जाएगा। सरकारी काम में कभी-कभी देरी होती है। हम लोग इस बार बता रहे हैं यह डायलॉग नहीं है हकीकत में काम होगा। -सलेक चंद , वार्ड मेम्बर-32

मैं यहीं रहता हूं। मेरी दुकान है। यहां पर कपिल देव अग्रवाल, संजीव बालियान आते रहे हैं। यहां शमशान को लेकर उनसे चर्चा हुई थी, तो उस समय सड़क को लेकर कहा गया था कि इसको भी बनवाया जाएगा, लेकिन कुछ नहीं हुआ। -खालिद

बेबाक विक्रम सैनी बोले - कि मौलाना को तो कोई हिन्दू छोरा ही उड़ा देगा, अखिलेश ने कौन सी खतना करा रखी है

मुजफ्फरनगर, 7 जनवरी (बु.)। अपने बेबाक बयानों के लिए पहचाने जाने वाले हरफनमोला पूर्व विधायक विक्रम सैनी जब भी माइक के सामने आते हैं, कुछ न कुछ बेबाक ही बोल जाते हैं। आज भी जब मीडिया के कैमरे उनके सामने आए तो वे मीडिया के बयानों का बेबाक जवाब देने से खुद को नहीं रोक पाए। उन्होंने सबसे पहले महाकुंभ मेले पर ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के मुखिया मौलाना शाहबुद्दीन रिजवी के बयान का जवाब देते हुए कहा कि उन्हें तो कोई हिन्दू छोरा किसी भी दिन उड़ा देगा, उन्हें कुछ नहीं पता, वे अपना डीएनए कराएंगे तो खुद हिन्दू मिलेंगे। जब पाकिस्तान-हिन्दुस्तान का बंटवारा हो चुका है तो काहे की वक्फ बोर्ड की जमीन प्रयागराज में होगी। और होगी भी तो होने दो इस बात की कोई परवाह नहीं है। यह भूमि अब सनातनियों की है। विक्रम सैनी ने आगे अखिलेश यादव पर तंज कसते हुए कहा कि वे कौन सा मुसलमान हैं, उनकी कौन सी खतना हुई है, वे भी हिन्दू ही हैं। बस वोट लेने के चक्कर में मामला गड़बड़ा जाता है। उन्हें मुसलमानों की वोट चाहिए, इसलिए उन्हें खुश कर रहे हैं। 2027 के चुनाव में उनका पूरा सूपड़ा साफ हो जाएगा। उन्होंने कहा कि 800 वर्ष तक मुस्लिम शासकों ने हिन्दू राजाओं में आपसी फूट होने का फायदा उठाकर प्रयागराज सहित कई जमीनों पर अपना कब्जा कर लिया था। अब एक इंच भी भूमि वक्फ बोर्ड की भूमि नहीं है। कांग्रेस के शासन में गड़बड़ी होने के कारण यह बोर्ड बना था अब यह भूमि हमारी ही रहेगी। यह सब बयान उन्होंने उस समय दिये जब आज भी जिलाधिकारी से मिलने अपने किसी निजी कार्य से मुजफ्फरनगर आए थे।

दिल्ली में विधानसभा चुनाव के लिए पांच फरवरी को मतदान, परिणाम 8 फरवरी को होंगे घोषित

नयी दिल्ली 07 जनवरी (वार्ता) दिल्ली की 70 विधानसभा सीटों पर एक ही चरण में पांच फरवरी को मतदान होगा और परिणाम आठ फरवरी को आएंगे। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने मंगलवार को दिल्ली विधानसभा चुनाव के कार्यक्रम की घोषणा करते हुए कहा कि यहाँ एक चरण में सभी 70 सीटों पर पाँच फ़रवरी को मतदान होगा जबकि मतगणना आठ फ़रवरी को होगी। श्री कुमार ने कहा कि दिल्ली में एक करोड़ 55 लाख कुल मतदाता हैं, जिनमें 83 लाख से ज्यादा पुरुष और 71 लाख से अधिक महिला मतदाता है। कुल 13 हजार 33 पोलिंग बूथ हैं। मुख्य चुनाव आयुक्त ने इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) से किसी तरह के छेड़छाड़ को बेबुनियाद बताते हुए कहा कि ईवीएम में अवैध वोट डालने की संभावना नहीं है। ईवीएम फुलप्रूफ डिवाइस है। इसे मतदान के बाद सील कर दिया जाता है। ईवीएम किसी भी तरह से हैक नहीं हो सकता है और यह चुनाव का सबसे सुरक्षित तरीका है। मतों की गिनती से पहले हर ईवीएम की सील चेक होती है। उल्लेखनीय है कि दिल्ली विधानसभा चुनाव की कल अंतिम मतदाता सूची जारी की गई, जिसमें कुल एक करोड़ 55 लाख 24 हज़ार 858 मतदाता है। इनमें कुल 83 लाख 49 हज़ार 645 पुरुष और 71 लाख 73 हज़ार 952 महिला मतदाता शामिल हैं। थर्ड जेंडर मतदाताओं की संख्या 1261 है। मतदाता पहचान पत्र पाने के लिए फर्जी दस्तावेज जमा करने के मामले में 24 लोगों के खिलाफ आठ प्राथमिकी दर्ज की गई हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने नए मतदाता पहचान पत्र प्राप्त करने के लिए फर्जी दस्तावेज जमा करने के खिलाफ चेतावनी दी है। गौरतलब है कि 2020 के चुनाव में आम आदमी पार्टी को 62 सीटें और भाजपा को आठ सीटें मिली थी । वहीं, कांग्रेस पार्टी अपना खाता खोलने में भी नाकाम रही थी।

दिल्ली विधानसभा चुनाव की अधिसूचना शुक्रवार को, मतदान 05 फरवरी को

नयी दिल्ली। चुनाव आयोग द्वारा दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिये मंगलवार को घोषित कार्यक्रम इस प्रकार हैं:

अधिसूचना	- 10 जनवरी (शुक्रवार)
नामांकन की अंतिम तिथि	- 17 जनवरी (शुक्रवार)
नामांकन पत्रों की जांच	- 18 जनवरी (शनिवार)
नामांकन पत्रों की वापसी	- 20 जनवरी (सोमवार)
मतदान	- 05 फरवरी (बुधवार)
मतगणना	- 08 फरवरी (शनिवार)

गन्ना लोडर से बाईक सवार ग्रामीण की दर्दनाक मौत

बुढ़ाना, 07 जनवरी (बु.)। गन्ना लोडर की चपेट में आकर बाइक सवार एक ग्रामीण की दर्दनाक मौत हो गयी। घटना की सूचना पर परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक ग्रामीण जिला पंचायत सदस्य का भाई बताया गया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बुढ़ाना सर्किल के पुलिस क्षेत्राधिकारी गजेंद्र पाल सिंह ने बताया कि मंगलवार की सायं लगभग 05 बजे कस्बा बुढ़ाना में लगभग 42 वर्षीय देवेश शर्मा पुत्र महेश शर्मा निवासी ग्राम गोयला थाना शाहपुर जो कि अपनी मोटर साइकिल पर सवार था। उसकी बाइक में गन्ना लोड करने वाले एक लोडर चालक ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगने से देवेश बुरी तरह घायल हो गया। बुढ़ाना पुलिस ने आते-जाते लोगों की सहायता से घायल देवेश को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बुढ़ाना में भर्ती कराया, जहां पर चिकित्सकों ने देवेश को मृत घोषित कर दिया। उधर पुलिस ने त्वरित कार्यवाही करते हुए गन्ने के लोडर को कब्जे में ले लिया और मृतक के परिजनों को घटना की सूचना दी।

अफसरों को दी बलकटी से काट देने की धमकी

मुजफ्फरनगर, 07 जनवरी (बु.)। भाकियू के कलेक्ट्रेट में संपन्न धरने पर युवा जिलाध्यक्ष ठाकुर नरेश पुंडीर ने अपने उग्र तेवरों में हाल ही में बिजोपुरा गांव में बिजली विभाग के जेई द्वारा अभद्रता किए जाने की घटना को दु:खदायी बताते हुए स्पष्ट रूप से चेताया कि अगर वे वहां मौजूद होते तो ऐसे अधिकारी का सिर फावड़े से फाड़ देते। उन्होंने सार्वजनिक मंच से अपशब्दों का प्रयोग करते अधिकारियों को सुधर जाने की नसीहत देने के साथ भाकियू कार्यकर्ताओं को फिर से अपने तेवरों में धार लाने का आह्वान किया। युवा नेता ठा. नरेन्द्र पुंडीर ने मंच से कहा कि जो भी जिले का अधिकारी अब भविष्य में अपने किसान भाईयों या भाकियू कार्यकर्ताओं की ओर टेढ़ी नजर करेंगे, उसे कार्यकर्ता बलकटी से काट देंगे।

जिला चिकित्सालय में दिल के डॉक्टर नहीं! मुजफ्फरनगर मेडिकल कॉलेज से सप्ताह में चार दिन के लिए उपलब्ध कराया जाएगा डॉक्टर

मुजफ्फरनगर, 7 जनवरी (बु.)। मुजफ्फरनगर जिला चिकित्सालय में तीन माह पहले अक्टूबर में डॉक्टर बीके जैन का रिटायरमेंट हो चुका है। उसके बाद से यहां दिल का डॉक्टर ही नहीं है। कड़कड़ाती ठण्ड में आए दिन दिल के मरीजों की संख्या बढ़ रही है। चूंकि ठण्ड में खून गाढ़ा हो जाता है, जिस कारण हार्टअटैक का खतरा लगातार बना रहता है। ऐसे में मुजफ्फरनगर जिला चिकित्सालय में जहां दिल के मरीज बढ़ रहे हैं वहीं जिला चिकित्सालय में डॉक्टर ही मौजूद नहीं है। इस बाबत आज मीडिया ने जब इस सम्बंध में सीएमओ डॉ. सुनील तेवतिया से बातचीत की तो उन्होंने बताया कि डॉक्टर बीके जैन के रिटायर होने के बाद से यहां डॉक्टर उपलब्ध नहीं हो पाए हैं, जिसके चलते अब मुजफ्फरनगर मेडिकल कॉलेज से चार दिन के लिए डॉक्टर उपलब्ध कराये जाएंगे। सोमवार से बृहस्पतिवार तक यहां डॉक्टर मौजूद रहेंगे। शासन को नियमित हार्ट का डॉक्टर उपलब्ध कराने के लिए पहले से ही अवगत कराया जा चुका है। अब शासन कब तक डॉक्टर उपलब्ध कराते हैं, यह जवाब अभी नहीं आ पाया है।

आंकड़ों की मानें तो अप्रैल-सितम्बर 2024 तक कुल 11835 मरीजों को जिला चिकित्सालय की ओपीडी में देखा गया मगर अक्टूबर से दिसम्बर के बीच सिर्फ 2376 मरीज ही जिला चिकित्सालय की ओपीडी में देखे गए हैं, जिसमें अक्टूबर में 920, नवम्बर में 701 तथा दिसम्बर में कुल 755 मरीज देखे गए हैं। इसके अलावा जो मरीज आए हैं, उन्हें मजबूरन प्राइवेट

हॉस्पिटल में जाकर अपना महंगा इलाज कराना पड़ रहा है। ऐसे में गरीब व्यक्ति तो उपचार से पहले ही मरता दिखाई देगा, क्योंकि उसकी जेब में भारी भरकम रकम वसूल करने वाले प्राइवेट डॉक्टरों की फीस और उपचार के लिए पैसे ही नहीं होंगे तो वह खुद ही दम तोड़ देगा। ऐसे में शासन को चाहिए कि तुरन्त मुजफ्फरनगर जिला चिकित्सालय में हार्ट के चिकित्सक उपलब्ध होने चाहिएं।

श्रीनगर में आग से पांच घर, कई दुकानें जलकर हुई खाक

श्रीनगर, 07 जनवरी (वार्ता)। जम्मू-कश्मीर में श्रीनगर के नौहट्टा क्षेत्र में मंगलवार को भीषण आग लगने से पांच आवासीय घर और कई दुकानें जलकर खाक हो गये। दमकल अधिकारियों ने यह जानकारी दी। दमकल एवं आपातकालीन सेवा अधिकारियों ने बताया कि श्रीनगर के पुराने इलाके नौहट्टा के बहाउद्दीन क्षेत्र में एक घर में सुबह करीब 08:30 बजे आग लगी और आग तेजी से आसपास के घरों और दुकानों में फैल गयी। जिससे पांच घर और कई दुकानें जलकर राख हो गयीं। अधिकारियों ने कहा कि आग की सूचना मिलते ही दमकल कर्मी घटनास्थल पर पहुंचे और आग पर काबू पाने के लिये कड़ी मशक्कत की। इस दुर्घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है।

आज का इतिहास

नयी दिल्ली, 07 जनवरी (वार्ता)। भारतीय एवं विश्व इतिहास में 08 जनवरी की महत्त्वपूर्ण घटनाएं इस प्रकार है। 1026: सुल्तान महमूद गजनवी ने सोमनाथ मंदिर को लूटकर नष्ट किया। 1790: अमेरिका के प्रथम राष्ट्रपति जॉर्ज वॉशिंगटन ने पहली बार देश को संबोधित किया। 1884: प्रसिद्ध समाज सुधारक केशव चंद्र सेन का जन्म। 1929: भारतीय अभिनेता सईद जाफरी का मालेरकोटला में जन्म। 1929: नीदरलैंड्स और वेस्टइंडीज के बीच पहला टेलीफोन संपर्क स्थापित। 1942: प्रसिद्ध ब्रिटिश भौतिक विज्ञानी स्टीफन हॉकिंग का जन्म। 1952: जॉर्डन ने संविधान अंगीकार किया। 1966 : फिल्म निर्देशक बिमल रॉय का निधन। 1995: समाजवादी चिंतक, स्वतंत्रता सेनानी मधु लिमये का निधन। 2001: आइवरी कोस्ट में विद्रोह विफल। 2003: श्रीलंका सरकार और लिट्टे के बीच नकोर्न पथोम (थाईलैंड) में वार्ता शुरू। 2008: प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने छठे प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन का उद्घाटन किया। 2009: कोस्टा रिका के उत्तरी क्षेत्र में 6.1 तीव्रता के भूकंप में 15 लोगों की मौत एवं 32 अन्य घायल हुए। 2017: इजराइल के यरुशलम में ट्रक से हमले में कम से कम 4 सैनिकों की मौत, 15 घायल।

मुजफ्फरनगर मंडी

मुजफ्फरनगर, 07 जनवरी, (बु.)। गुड़-शक्कर के भाव इस प्रकार रहे:- ढैया 1600, रसकट ढैया 1250-1255, चाकू 1450-1610, लड्डू 1560-1650, खुरपापाड़ 1480-1500, शक्कर मसाला 1620-1635। आमद- 5000 मन।

सर्राफा बाजार

मुजफ्फरनगर, 07 जनवरी, (बु.)। मुजफ्फरनगर सर्राफा बाजार के भाव इस प्रकार रहे:-

सोना-	79250	चांदी-	90850
सिक्का-	10500	गिन्नी-	59270

आपका आज का राशिफल

बुधवार, 08 जनवरी, 2024

मेष- आज सायं 5/50 बजे तक समय अव्यवस्थित, समस्या से चिन्तित, शत्रु सक्रिय, शेष समय में स्वास्थ्य सुधार पर, तनाव में कमी, लाभ का मार्ग प्रशस्त, यात्रा। **वृषभ-** आज सायं 5/50 बजे तक समय अनुकूल, कार्य क्षमता में वृद्धि, योजना साकार, स्नेह की प्राप्ति, शेष समय में शंका-कुशंका प्रभावी, लेनदेन में जोखिम से हानि। **मिथुन-** विनियोजित धन का प्रतिफल प्राप्त, परिस्थितियों में क्रमिक सुधार, राजनीतिक लाभ का प्रयास सार्थक, मनोविनोद के अवसर सुलभ, ज्ञान-विज्ञान में रुचि। **कर्क-** आर्थिक व्यावसायिक पक्ष में परिश्रम के अनुरूप सफलता, धन संचय की ओर प्रवृत्ति, वरिष्ठजनों की सलाह मान्य, दर्शनीय स्थलों की यात्रा, सुयश की प्राप्ति। **सिंह-** आज सायं 5/50 बजे तक समय असंतोषजनक, आर्थिक कठिनाइयां, शारीरिक कष्ट, आपसी तनाव, शेष समय बेहतर, नवयोजना की पूर्ति, व्यापारिक लाभ। **कन्या-** आज सायं 5/50 बजे तक दिनमान अनुकूल, अधूरे कार्य पूर्ण, दाम्पत्य जीवन मधुर, अकल्पित लाभ, शेष समय व्यवधानकारक, समस्याओं से चिन्तित, हानि। **तुला-** व्यापार में विस्तार की योजना फलीभूत, स्वास्थ्य में अपेक्षित सुधार, स्वजनों से सहयोग, धन संचय की ओर प्रवृत्ति, दर्शनीय स्थल यात्रा से मन प्रसन्न। **वृश्चिक-** अभीष्ट कार्यों में संतोषजनक सफलता, प्रभावशाली हस्तियों से सम्पर्क का लाभ, राजनैतिक गतिविधियों में संलग्नता, राजकीय पक्ष से सहयोग, मौजमस्ती में व्यय। **धनु-** आज सायं 5/50 बजे तक दिनचर्या निराशाजनक, कार्यों में अड़चनें, सहयोगियों से विवाद संभव, शत्रु से हानि, शेष समय में पूँजी का प्रतिफल प्राप्त, मन प्रसन्न। **मकर-** आज सायं 5/50 बजे तक अनुकूलता, नवीन योजना का श्रीगणेश, उन्नति का सुयोग, मनोविनोद के अवसर, शेष समय में प्रगति में बाधा, योजना अधूरी। **कुम्भ-** समझदारी से लिया गया निर्णय व किया गया हितकर, पारिवारिक कठिनाइयों में कमी, महत्वपूर्ण उपलब्धि के लिए प्रयासशील, आमोद प्रमोद के साधन सुलभ। **मीन-** विचाराधीन योजना मूर्तरूप में परिणित, धन लाभ का सुअवसर, दाम्पत्य जीवन संतोषजनक, प्रेम सम्बन्धों में प्रगाढ़ता, वरिष्ठजनों की सलाह लाभदायक।

विमल जैन, हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न परामर्शदाता, फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्, एस-2/1-76/ए, वर्धन भवन, द्वितीय तल, आकांक्षा हॉस्पिटल के पास, टैगोर टाउन एक्सटेंशन (महावीर मंदिर टू यू.पी. कालिज रोड) भोजूबीर, वाराणसी-221002 मोबाइल 9335414722

संस्थापक सम्पादक एवं हमारे प्रेरणास्रोत
स्व. उत्तमचन्द शर्मा

मुजफ्फरनगर बुलेटिन
स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्रीमति पूजा दुआ ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रात:कालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।
सम्पादक-अंकुर दुआ
(प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840
(विज्ञापन)-9368549219 (फै.) 7983359929
सम्पादक-9412210257
E-mail : muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com

कन्याओं को योगी का आशीर्वाद... मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में बुढ़ाना ब्लॉक के 86 परिवारों की कन्याओं की हुई शादियां

बैंकट हॉल में नवयुगलों ने एक-दूसरे को किया कबूल, वरमाला भी हुई

बुढ़ाना, 7 जनवरी (बु.)। ब्लॉक क्षेत्र के 86 जोड़ों का सामूहिक विवाह कस्बा बुढ़ाना के बड़ौत रोड पर स्थित एक बैंकट हाल में बड़ी ही धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ किया गया, जिसमें बुढ़ाना ब्लॉक के पूर्व प्रमुख विनोद मलिक मुख्य अतिथि रहे और उन्होंने यहां पर सभी वर-वधुओं को आशीर्वाद देते हुए उनकी दीर्घायु की कामना की। इनमें 19 जोड़े मुस्लिम समाज से भी थे। सभी को एक ही छत के नीचे गीता के श्लोक पढ़कर और कलाम ए पाक की आयत पढ़ने के साथ कबूल है कबूल है कबूल है बुलवाकर विवाह प्रक्रिया को संपूर्ण कराया गया। मिली जानकारी के अनुसार कस्बे के एक बैंकट हॉल में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत एक बड़े विवाह समारोह का आयोजन हुआ। इस योजना के अंतर्गत हिंदू और मुस्लिम दोनों रीति-रिवाजों से 86 जोड़ों के विवाह सम्पन्न कराए गए।

मुस्लिम जोड़ों का निकाह भी विधिपूर्वक कराया गया। समारोह की शुरूआत ब्लॉक के पूर्व प्रमुख विनोद मलिक ने मुख्य अतिथि के रूप में मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलित करके की। इस दौरान अन्य गणमान्य लोगों और कुछ संबंधित अधिकारियों ने नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद दिया और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत प्रत्येक शादी पर 51 हजार रुपए का खर्च आता है, जिसमें से 35 हजार रुपए कन्या के बैंक खाते में ट्रांसफर किए जाते हैं, जबकि बाकी की राशि घरेलू सामान और अन्य व्यवस्थाओं पर खर्च की जाती है। इस योजना का उद्देश्य नवविवाहित जोड़ों के जीवन को खुशहाल बनाना है। यहां पर सभी नवविवाहित परिवारों के खाने-पीने का भी उचित इंतजाम किया गया था। इस दौरान बीडीओ सतीश कुमार और भूजल योजना के एमटी नरेंद्र मलिक आदि मौजूद रहे।

शाहपुर में 57 जोड़े विवाह बंधन में बंधे

पांच मुस्लिम जोड़ों का निकाह हुआ, 52 नव युगल हिंदू रीति रिवाज से सात जन्मों के साथी बने

शाहपुर, 07 जनवरी (बु.)। खंड विकास कार्यालय के तत्वावधान में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत 57 युवक व युवतियां विवाह के बंधन में बंध गए, जिसमें पांच मुस्लिम जोड़ों का निकाह मौलवी ने संपन्न कराया। कस्बे के एक बैंकट हॉल में खंड विकास कार्यालय के तत्वावधान में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम में 57 युगल दांपत्य बंधन में बंध गए। कार्यक्रम में 52 हिंदू युगल का हिंदू रीति रिवाज के अनुसार विवाह संपन्न कराया गया, जबकि पांच मुस्लिम युगल का निकाह मौलवी ने संपन्न कराया। कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख अरविंद त्यागी, जिला पंचायत सदस्य विजय चौधरी, ग्राम प्रधान संगठन के ब्लॉक अध्यक्ष डॉ. कुलदीप त्यागी, जिला समाज कल्याण अधिकारी विनीत कुमार मलिक, बीडीओ राजीव कुमार व प्रधान प्रवेज आलम ने शादी के बंधन में बंधे नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद देने के साथ उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में नवविवाहित जोड़ो को निर्धारित राशि के चेक के अलावा जरूरी सामान दिया गया। कार्यक्रम में एडीओ समाज कल्याण सत्येंद्र कुमार, लेखाकार सुनील त्यागी के अलावा गांव प्रधान मोनू सैनी, जोनू त्यागी, जसवंत सिंह बालियान, नीरज कुमार, अरविंद चौधरी व दिलशाद त्यागी आदि के अलावा ब्लॉक कार्यालय के कर्मचारी व गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

सड़क सुरक्षा के प्रति किया जागरूक, छात्रों ने निकाली रैली

मुजफ्फरनगर, 07 जनवरी (बु.)। सनातन धर्म इंटर कॉलेज मुजफ्फरनगर निकट रोडवेज बस स्टैंड में मंगलवार को प्रधानाचार्य सोहन पाल सिंह के निर्देशन में सड़क सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत छात्र-छात्राओं को सड़क पर चलते समय क्या-क्या सावधानी रखनी चाहिए, इस विषय पर प्रातः प्रधानाचार्य का उद्बोधन हुआ।
इस दौरान अरविन्द कुमार द्वारा स्कूली बच्चों को सड़क सुरक्षा हेतु शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम की इस कड़ी में छात्र-छात्राओं ने इस दौरान पोस्टर पर सड़क सुरक्षा जागरूकता के प्रति संदेश लिखते हुए विद्यालय परिसर से रैली निकाली। रैली का संचालन डॉ. राजबल सैनी, जयप्रकाश सिंह, वरुण सिंह ने किया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में संजय सिंह, मुजफ्फर अली, अरविंद कुमार, नितिन गुप्ता, प्रेरणा शर्मा आदि अध्यापकों का विशेष योगदान रहा।

काम और गाली-गलौच की राजनीति के बीच होगा चुनावः केजरीवाल

नयी दिल्ली, 07 जनवरी (वार्ता)। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने विधानसभा चुनाव की घोषणा के बाद पार्टी कार्यकर्ताओं से पूरी ताक़त से जुटने का आ''ान करते हुए कहा कि यह चुनाव काम की राजनीति और गाली-गलौज की राजनीति के बीच होगा। श्री केजरीवाल ने एक्स पर कहा कि चुनाव की तारीख़ का एलान हो चुका है। सभी कार्यकर्ता पूरी ताक़त और जोश के साथ मैदान में उतरने के लिए तैयार हो जाएं। आपके जुनून के आगे इनके बड़े-बड़े तंत्र फ़ेल हो जाते हैं। आप ही हमारी सबसे बड़ी ताक़त हैं।'' उन्होंने कहा, ''ये चुनाव काम की राजनीति और गाली-गलौज की राजनीति के बीच होगा। दिल्ली की जनता का विश्वास हमारी काम की राजनीति के साथ ही होगा। हम ज़रूर जीतेंगे। चुनाव आयोग ने आज दिल्ली विधानसभा चुनाव की घोषणा कर दी, जिसमें मतदान पाँच फरवरी को होगा और नतीजे आठ फ़रवरी को आयेंगे।

एसडी मैनेजमेन्ट में चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप ने विद्यार्थियों को किया स्मार्ट फोन का वितरण

मुजफ्फरनगर, 07 जनवरी (बु.)। एस.डी.कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज के सभागार में बीसीए, बीबीए, बीएससी, बीएफए के छात्रों को स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के अन्तर्गत मुफ्त स्मार्ट फोन वितरित किये गये। इस योजना का मुख्य उददेश्य डिजिटलीकरण को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि नगरपालिका चेयर पर्सन मीनाक्षी स्वरुप, ध्रुव कुमार मैम्बर मैनेजमेन्ट कमेटी व कॉलेज प्राचार्य डॉ. संदीप मित्तल ने माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर के किया। मंच संचालन डॉ. संगीता गुप्ता ने किया। नगरपालिका चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप ने कहा कि हर तकनीक के फायदे और नुकसान होते हैं। इसलिए फोन को आप अपनी पढ़ाई के काम में इस्तेमाल करें ताकि आपकी तरक्की हो सके। शिक्षा को आगे बढ़ाने के लिये उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा उक्त योजना के अनुसार शिक्षा क्षेत्र में विकास करने हेतु कार्यरत है। छात्र/छात्राओं के पास स्मार्ट फोन होने से आईटी क्षेत्र में होने वाले परिवर्तन व नई टैक्नोलोजी का लाभ छात्र-छात्राओं को सतत रुप से मिल सकेगा। ध्रुव कुमार ने कहा कि छात्रों को स्वयं को निरन्तर अपडेट करना चाहिये और आईटी के क्षेत्र में प्रयोग होने वाले सभी एडवांस सोफ्टवेयर व टैक्नोलोजी को सीखना चाहिये। कार्यक्रम में विभागाध्यक्ष डॉ. संजीव तायल, राजीव पाल सिंह, नोडल अधिकारी प्रशान्त गुप्ता, मीडिया प्रभारी डॉ. आलोक गुप्ता, डॉ. विभूति शर्मा, डॉ. संदीप गर्ग, चांदना दीक्षित, श्वेता, मोहित गोयल, राहुल शर्मा, रोबिन मलिक, अनुज, हर्षिता, वैभव वत्स, दीपक गर्ग, प्रशान्त, विनिता, अमित कुमार, लवी आदि शिक्षकगण व स्टाफ उपस्थित रहे।

घरेलू समझौते की बात लेकर आए लड़की के पिता, भाई व बिचौलिए से मारपीट का आरोप

भोपा, 07 जनवरी (बु.)। गांव कादीपुर में समझौते की बात करने आए बिचौलिए, लड़की के पिता व भाई के साथ ससुरालियों ने गाली-गलौच करते हुए मारपीट की। पीड़ितों ने तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। भोपा थाने पर दीपक ने दी तहरीर में बताया कि वह मीरापुर थाना क्षेत्र के गांव भुम्मा निवासी है, उसकी बहन की शादी दस दिसंबर 2024 को गांव कादीपुर निवासी युवक के साथ हुई थी, जिसमें अपनी हैसियत से ज्यादा दान-दहेज व बुलेट आदि के अलावा 22 लाख रुपए खर्च किये है। आरोप है कि शादी के बाद से ही उसका पति, ससुर, सास व लड़के की बुआ उसकी बहन के साथ गाली-गलौच करके मारपीट करने लगे और अतिरिक्त दहेज में पांच लाख रुपए व सोने की चैन की मांग करने लगे। उन्होंने काफी समझा बुझा भी लिया है, लेकिन वह अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहे हैं और बहन को लेकर भी नहीं जा रहे हैं। मंगलवार को वह और उसके पिता तथा बिचौलिया सतीश ग्राम मोड़ खुर्द को साथ लेकर कादीपुर में समझौते की बात करने गए थे। आरोप है कि वहा उन्होंने उनके साथ गाली-गलौच करके मारपीट करनी शुरू कर दी। शोर शराबा सुनकर आस पास के लोगों ने आकर उन्हें छुड़ाया। प्रभारी निरीक्षक विजय कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर कार्रवाई की जा रही है।

नौ जनवरी को होगी ब्लॉक स्तरीय उत्तर प्रदेशीय ग्रामीण खेल लीग

मीरापुर, 7 जनवरी (बु.)। ग्रामीण आंचल के खिलाड़ियों की प्रतिभा को निखारने के लिए युवा कल्याण विभाग ब्लॉक स्तरीय खेल लीग का आयोजन करने जा रहा है। आगामी 9 जनवरी को मीरापुर के ज्ञानस्थली पब्लिक स्कूल में इस प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। क्षेत्रीय कल्याण विभाग अधिकारी अजय कुमार ने बताया कि ज्ञानस्थली पब्लिक स्कूल में आयोजित होने जा रही उत्तर प्रदेश खेल लीग सब जूनियर वर्ग (अंडर 16), जूनियर वर्ग (अंडर 20) व सीनियर वर्ग (22 वर्ष से ऊपर) के लिए आयोजित होगी। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता के लिए खेल मैदान पर ही सुबह नौ बजे से रजिस्ट्रेशन किया जाएगा, जिसके लिए खिलाड़ी प्रतिभागी को आधार कार्ड की छाया प्रति लाना आवश्यक है। उन्होंने बताया कि खेल लीग में एथलेटिक्स, कबड्डी, वॉलीबाल, कुश्ती आदि खेल आयोजित होंगे। उन्होंने बताया कि जानसठ ब्लॉक के खिलाड़ी ही प्रतियोगिता में हिस्सा ले सकते हैं। प्रतियोगिता में जीतने वाले खिलाड़ी जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित किए जाएंगे।

बेलड़ा में तमंचा लेकर घूमते किया गिरफ्तार, जेल

भोपा, 7 जनवरी (बु.)। गांव बेलड़ा में तमंचा लेकर घूमने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर उसे मंगलवार को जेल भेजा गया है। प्रभारी निरीक्षक विजय कुमार ने बताया कि सोमवार की रात्रि में एक युवक तमंचा लेकर घूम रहा था। ग्रामीणों की सूचना पर पीआरवी व उप निरीक्षक शीशपाल सिंह पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए तथा आरोपी को तमंचे के साथ गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम विकास उर्फ विक्की गांव धीराहेड़ी बताया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मंगलवार को उसे जेल भेजा गया है।

एक प्लाट बिगाड़ सकता है सांप्रदायिक सौहार्द्र, जांच शुरू

बुढ़ाना, 7 जनवरी (बु.)। एक प्लाट के 2 दावेदारों की वजह से कस्बे का सांप्रदायिक सौहार्द्र कभी भी बिगड़ सकता है। असली मालिक कौन है, यह तो जांच के बाद ही पता लग सकेगा, लेकिन मामला 2 सम्प्रदायों के लोगों के बीच होने के चलते प्रशासन भी इस मामले को गंभीरता से ले रहा है। उक्त प्लाट का असली दावेदार बताये जाने वाले एक पक्ष ने आज मंगलवार को एसडीएम बुढ़ाना को एक प्रार्थना पत्र देकर निष्पक्ष जांच किए जाने की गुहार लगाई है। नौशाद पुत्र महमूद निवासी मौहल्ला मंडी दक्षिणी बुढ़ाना ने बताया कि उसका खसरा नंबर 2755 मे 200 वर्ग गज का प्लाट है। उसने उक्त प्लाट फरीदा पत्नी मुशाहिद निवासी बुढ़ाना से बैनामा द्वारा बीती 18 अप्रैल सन् 2011 में खरीदा था। उसके प्लाट पर बीते 4 जनवरी को कस्बे का बिजेन्द्र वर्मा भू-माफियाओं के साथ आया तथा कब्जा करने की कोशिश की, जबकि वह बीते सन 2011 से ही अपने प्लाट पर नींव भरकर काबिज है। मौके पर पुलिस गयी। पुलिस ने भूमाफिया को कब्जा करने से रोका तथा सही जांच करने को कहा। उसका प्लाट नम्बर 12 है। जो 2 रास्तों का है। पीड़ित ने आरोपी बिजेंद्र वर्मा के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है। दूसरी ओर इस मामले में बुढ़ाना पुलिस प्रशासन ने बारीकी से जांच शुरू कर दी है।

दांतों से कान काटने वाले को पुलिस ने भेजा जेल

भोपा, 7 जनवरी (बु.)। गांव छछरौली में युवक के साथ गाली गलौच व मारपीट कर दांतों से कान काटकर घायल करने वाले आरोपी को पुलिस ने मंगलवार को जेल भेजा दिया है। घायल का उपचार किया जा रहा है। भोपा थाना क्षेत्र के गांव छछरौली निवासी संदीप कुमार ने मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि वह रविवार की शाम सात बजे मोरना से सामान लेकर घर वापिस जा रहा था कि तभी रास्ते में गांव के ही रवि ने उसे रोक लिया तथा अकारण ही गाली गलौच करते हुए मारपीट करनी शुरू कर दी तथा अपने दांतों से उसका कान भी काट लिया, जिसमें वह घायल हो गया। शोर-मचाने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गया। पुलिस ने घायल का मेडिकल कराया तथा मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई करते हुए रवि को गिरफ्तार कर लिया। प्रभारी निरीक्षक विजय कुमार ने बताया कि मंगलवार को आरोपी रवि को जेल भेजा गया है।

भाकियू कार्यकर्ताओं ने वारंटी छुड़ाने को भोपा थाने पर दिया धरना

भोपा, 7 जनवरी (बु.)। गांव रहमतपुर से पुलिस द्वारा बिजली के बकायेदार वारंटी को गिरफ्तार किए जाने से नाराज भाकियू कार्यकर्ताओं ने थाने पर हंगामा किया तथा किसान को छोड़ने की मांग को लेकर धरना देकर बैठ गए। घंटों बाद प्रभारी निरीक्षक ने समझा-बुझाकर कार्यकर्ताओं को शांत कर भेजा। भाकियू के जिला सचिव पुष्पेंद्र बिट्टू प्रधान, ब्लॉक अध्यक्ष अनुज राठी, धीरेंद्र, कृष्णा, पवन, भूरा, सुरेंद्र सिंह, राजन, पवन कुमार आदि कार्यकर्ता मंगलवार को भोपा थाने पहुंचे तथा पुलिस के द्वारा बिजली बिल के बकायेदार वारंटी किसान विपुल को गिरफ्तार करने से नाराज होकर हंगामा करने लगे। कार्यकर्ताओं ने किसान को छोड़े जाने की मांग को लेकर प्रदर्शन करते हुए धरना देकर बैठ गए।
घंटों बाद प्रभारी निरीक्षक विजय कुमार ने कार्यकर्ताओं को समझाते हुए बताया कि कोर्ट से वारंट निकला है, इसलिए गिरफ्तार किया गया है, जिसके बाद समझा-बुझाकर कार्यकर्ताओं को शांत कर वापस भेजा।

नाबालिग खिलाड़ी दुष्कर्म में आरोपी कोच गिरफ्तार

हरिद्वार, 07 जनवरी (वार्ता)। उत्तराखंड में 28 जनवरी से राष्ट्रीय खेलों की शुरुआत होने वाली हैं। रोशनाबाद स्पोर्ट्स स्टेडियम, हरिद्वार में प्रैक्टिस के लिए कई छात्र- छात्रायें आयी हुई है। ऐसे में हरिद्वार के सिडकुल थाना क्षेत्र में एक 17 वर्षीय नाबालिग खिलाड़ी ने अपने कोच पर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। पीड़िता के पिता ने महिला आयोग की अध्यक्ष कुसुम कण्डवाल को फोन पर जानकारी दी है कि उनकी बेटी 30 अन्य खिलाड़ियों के साथ प्रैक्टिस के लिए रोशनाबाद गयी थी जहां उनके कोच ने कमरे में बुलाकर उनकी बेटी के साथ दुष्कर्म किया है। पीड़िता के पिता से वार्ता के तुरंत बाद मामले में उत्तराखंड राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष कंडवाल ने संज्ञान लिया है। उक्त घटना के संज्ञान में आने पर राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष ने कहा कि यह बहुत ही निंदनीय घटना है, उन्होंने मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल एसएसपी प्रमेन्द्र डोभाल से फोन पर वार्ता की तथा उक्त घटना में कड़ी से कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

मामूली बात पर मारपीट कर किया घायल

बुढ़ाना, 7 जनवरी (बु.)। मामूली सी बात पर कुछ युवकों ने अपने घर की महिलाओं के साथ मिलकर एक परिवार के तीन सदस्यों की पिटाई कर दी और पुलिस में बताने पर हत्या की धमकी देते हुए फरार हो गये। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी। घायलों को डॉक्टरी कराई गयी है। मिली जानकारी के अनुसार निशांत शर्मा उर्फ नानू निवासी कांशीराम कालोनी बुढाना बीती सोमवार की देर रात अपने घर पर परिवार सहित बैठा हुआ था। उसी के घर के नीचे वरीशा नाम की एक औरत अंडे की ठेली लगाती है। उसकी ठेली पर पड़ोस के ही लड़के खड़े होकर बिना वजह रोज गाली गलौच करते हैं। उसके द्वारा इस बात का जब विरोध किया गया तो अजीज के लड़के आसू, सोनू, शकील और काफी अज्ञात लड़कों ने अपने घरों की महिलाओं को साथ लाकर उनके साथ मारपीट करनी शुरू कर दी। जिसमें निशांत, उसकी मां और बहन घायल हो गयी। सभी आरोपी पुलिस को बताने पर हत्या की धमकी देकर चले गये। घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची बुढ़ाना पुलिस ने तीनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बुढ़ाना में भर्ती कराकर सभी फरार आरोपियों की तलाश शुरू कर दी।

गैंगस्टर एक्ट में वांछित बदमाश को पकड़ा

बुढ़ाना, 7 जनवरी (बु.)। पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट में वांछित चल रहे एक बदमाश को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना सीओ गजेंद्र पाल सिंह के निर्देश पर बुढाना कोतवाल आनंद देव मिश्र के नेतृत्व में आज मंगलवार के दिन उमरपुर पुलिस चौकी के प्रभारी सुरेंद्र राव ने अपने हमराहों की मदद से मुखबिर की सटीक सूचना पर गैंगस्टर एक्ट में चल रहे वांछित अभियुक्त लोकेन्द्र पुत्र इन्द्रेश निवासी ग्राम अलीपुर अटेरना थाना बुढ़ाना को खतौली तिराहे से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

शाहपुर के प्रसिद्ध तालाब की भूमि पर दिनदहाड़े अवैध कब्जा, रात्रि में पहुंचे अधिशासी अधिकारी

तहसील की टीम आज हटवाएगी अवैध कब्जा, कड़ी कार्यवाही की चेतावनी

शाहपुर, 7 जनवरी (बु.)। शाहपुर में नगर पंचायत की आंखों में धूल झोंककर ईदगाह के पास ढक्का वाले तालाब पर सुबह से मिट्टी भराव कर अवैध कब्जा कर दिया गया। मोहल्ले के दो लोगों गय्यूर कुरैशी एवं नौशाद कुरैशी द्वारा दिनदहाड़े प्रसिद्ध ढक्का वाला तालाब पर ट्रैक्टर ट्रॉली के माध्यम से मिट्टी का भराव कर-के अवैध कब्जा किया जा रहा था। गौरतलब है कि नगर पंचायत द्वारा उक्त तालाब का निकट भविष्य में सौंदर्यकरण किया जाना है। और सुप्रीम कोर्ट के साथ-साथ केंद्र एवं प्रदेश सरकार के भी आदेश हैं। तालाब पर किसी भी सूरत में अवैध कब्जे ना हो बावजूद इसके शाहपुर में इस प्रसिद्ध तालाब पर दिनदहाड़े अवैध कब्जा किया जा रहा था। रात्रि 8:30 बजे शिकायत पर अधिशासी अधिकारी दीपक कुमार, वरिष्ठ लिपिक सतीश पवार, लिपिक सावन सफाई नायक संदीप पाल राजीव मेहरा आदि के साथ रात्रि में ही मौके पर पहुंचे और तालाब पर अवैध कब्जे को सही पाया अधिशासी अधिकारी ने पूरे मामले पर नाराजगी करते हुए दोषी लोगों को कार्यवाही की चेतावनी दी, दीपक कुमार ने तालाब पर अवैध कब्जे के संबंध में क्षेत्र लेखपाल को फोन से अवगत कराया अधिशासी अधिकारी ने बुलेटिन को बताया कि कल सुबह सवेरे जेसीबी मशीन से तालाब की भूमि से अवैध कब्जा हटाया जाएगा तथा दोषियों के विरुद्ध कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। बताते चलें कि नगर पंचायत बोर्ड की आज ही विकास संबंधी बैठक थी समस्त अधिकारी एवं सभासद कई घंटे मौजूद रहे, लेकिन नगर पंचायत से कुछ दूरी पर किए जा रहे हैं। सफेद कब्जे की भनक किसी को नहीं लग पाई।

यहां गौवंश की किसी को नहीं कोई फिक्र...बुढ़ाना बीडीओ और ग्राम सचिव कर रहे हैं बस टाइमपास

बुढ़ाना, 7 जनवरी (बु.)। क्षेत्र में गौवंश की हालत बद से बद्तर है। कहने को तो क्षेत्र में कई गौशालाएं हैं, लेकिन जितनी गायें गौशालाओं में हैं, इससे अधिक गायें तो जंगलों और गांवों में घूम रही हैं। जिनका चारा घास, खल, बिनौला नहीं बस पन्नी और कूड़ा-करकट है। बुढ़ाना ब्लॉक क्षेत्र के विज्ञाना गांव में एक आवारा गोवंश पिछले कई घंटो से गांव के तालाब में गिरा हुआ है। इस तालाब से इस आवारा गोवंश को तालाब से बाहर निकालने के लिए अभी तक किसी ग्रामीण या अधिकारी ने कोई भी प्रयास नहीं किया है। बीडीओ और गांव के सचिव इस ओर कोई भी ध्यान नहीं दे रहे हैं। तालाब में फंसा यह आवारा गोवंश भयंकर शीतलहर में ना जाने कब दम तोड़ दे कुछ कहा नहीं जा सकता। यह आवारा गोवंश शायद तालाब में अपने भोजन की तलाश में आकर गिर गया होगा। रात दिन भूखे आवारा गायों की हालत पशु प्रेमियों से देखी नहीं जा रही। इन गायों का हाल इस अकेले गांव में ही नहीं है, बल्कि आपको किसी ना किसी गांव या जंगलों में आवारा गायें बड़ी संख्या में मिल जाएगी। गौशाला बनी हैं, लेकिन फायदा क्या हो रहा है यह समझ से परे है। बीडीओ का कई ग्राम सचिवों पर किसी भी तरह का अंकुश नहीं है। क्या अधिकारी इस और भी ध्यान देंगे। बाद में शिकायत मिलने पर बीडीओ सतीश कुमार ने गौवंश को ग्रामीणों की सहायता से तालाब से निकलवाकर गौशाला में भिजवाया।

मिल्कीपुर विधान सभा का उपचुनाव पांच फरवरी को होगा

लखनऊ, 07 जनवरी (वार्ता)। समाजवादी पार्टी (सपा) और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के लिये नाक का सवाल बनी अयोध्या की मिल्कीपुर विधानसभा सीट पर उपचुनाव पांच फरवरी को होगा। अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी चंद्रशेखर ने बताया कि मिल्कीपुर (सु) विधानसभा उपचुनाव के लिये अधिसूचना दस जनवरी को जारी की जायेगी जबकि मतदान पांच फरवरी और मतगणना आठ फरवरी को संपन्न होगी। अधिसूचना जारी होते ही नामांकन प्रक्रिया शुरु हो जायेगी। नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 17 जनवरी है जबकि नामांकन पत्रों की जांच 18 जनवरी को होगी। नाम वापस लेने की अंतिम तिथि 20 जनवरी तय की गई है। निर्वाचन प्रक्रिया 10 फरवरी तक पूरी कर ली जाएगी। मिल्कीपुर के विधायक अवधेश प्रताप के अयोध्या का सांसद निर्वाचित होने के बाद रिक्त हुयी इस सीट पर उपचुनाव कराये जा रहे हैं।

बीमारियों से बचाव की तैयारियों की सीएम योगी ने की समीक्षा

लखनऊ, 07 जनवरी (वार्ता)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ठंड के मौसम में आमजन की स्वास्थ्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पुख्ता इंतजाम रखने के निर्देश दिए हैं। मंगलवार को वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा, कि पूरे प्रदेश में तेज ठंड का मौसम है। शीतलहर चल रही है। यह समय बुजुर्गों, बच्चों और गंभीर रोग से ग्रस्त लोगों की सुरक्षा के दृष्टिगत विशेष सतर्कता बरतने वाले है। सर्दी, खांसी, श्वांस से जुड़े मरीजों की संख्या में बढ़ोतरी संभावित है। ऐसे में स्वास्थ्य तंत्र को अलर्ट रहने की आवशयकता है। उन्होने निर्देश दिए कि सभी सरकारी अस्पतालों में मरीजों को अच्छी चिकित्सा सुविधा मिलनी चाहिए। जांच हो या दवाओं की उपलब्धता, सब कुछ चाक-चौबंद हो। आम आदमी को परेशान न होना पड़े। महाकुम्भ में तीर्थयात्रियों की स्वास्थ्य एवं चिकित्सा सुविधाओं की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी सेक्टरों में इलाज के पुख्ता इंतजाम हों।

संभल के लोगों पर सरकार का अन्याय जारीः अखिलेश

लखनऊ, 07 जनवरी (वार्ता)। समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को हृदयहीन दल करार देते हुये आरोप लगाया कि संभल में हिंसा कराने के बाद भी सरकार वहां लोगों के बीच दरार पैदा करने की कोशिश कर रही है। श्री यादव ने मंगलवार को पार्टी के प्रदेश मुख्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में कहा कि संभल की हिंसा सुनियोजित साजिश के तहत की गयी। सम्भल में लोगों के साथ अभी भी बड़े पैमाने पर अन्याय हो रहा है। लोगों पर दबाव बनाया जा रहा है। झूठे मुकदमे लगाये जा रहे है। जिलाधिकारी, पुलिस प्रशासन असंवैधानिक और अलोतांत्रिक काम कर रहे हैं। सम्भल में दंगा नही था, वहां पुलिस की गोली से निर्दोष युवाओं की जान ली गयी है। समाजवादी पार्टी की सरकार बनने पर सम्भल की घटना की निष्पक्ष जांच कराकर दोषियों को सजा दिलाएंगे। उन्होने कहा कि भाजपा सरकार देश का भाईचारा नष्ट करना चाहती है। समाज में नफरत और भेदभाव फैलाना चाहती है। जब देश में प्लेसेस ऑफ वर्शिप एक्ट लागू है।

बरेली में रिश्वत लेते चौकी इंचार्ज रंगे हाथ गिरफ्तार

बरेली, 07 जनवरी (वार्ता)। उत्तर प्रदेश में बरेली के बहेड़ी थाना क्षेत्र में भुडिया कॉलोनी चौकी इंचार्ज दीपचंद को एंटी करप्शन टीम ने 50 हजार रुपये रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। पीड़ति ने दरोगा पर मुकदमे में मदद करने के बदले रिश्वत मांगने का आरोप लगाया था। पीड़ित जिशान मलिक ने आरोप लगाया कि उनके चाचा और भाइयों पर दर्ज एक मुकदमे में चौकी इंचार्ज दीपचंद ने गिरफ्तारी से बचाने और केस निस्तारण बदले 50 हजार रुपये रिश्वत मांगी थी। पीड़ति ने कहा कि दरोगा ने धमकी दी थी कि अगर पैसे नहीं दिए गए, तो उनके परिवार के सभी सदस्यों को जेल भेज दिया जाएगा। शिकायतकर्ता ने एंटी करप्शन संगठन में शिकायत दर्ज कराई। एंटी करप्शन टीम ने प्राथमिक जांच की और रिश्वत मांगे जाने के आरोप को सही पाया। इसके बाद एक ट्रैप टीम का गठन किया गया। एंटी करप्शन टीम ने योजना बनाकर शिकायतकर्ता को चिह्नित 50 हजार रुपये के साथ चौकी भेजा। जैसे ही दरोगा दीपचंद ने यह राशि स्वीकार की, ट्रैप टीम ने उन्हें रंगे हाथ पकड़ लिया।

NAME CHANGE

I, Vishal S/o Satish, resident of 236, Laddhawala, Kambal Wali Gali, Muzaffarnagar, have changed my name from Vishal to Vishal Pal. Henceforth, I would be known by the name of Vishal Pal for all future purposes.

1973-2024

सम्पादक की क़लम से

एचएमवीपी वायरस और चिकित्सा

चीनी वायरस एचएमपीवी के केस बढ़कर 8 हो गए हैं। कल महाराष्ट्र के नागपुर में 2 केस सामने आए। वहां एक 13 साल की लड़की और एक 7 साल का लड़का संक्रमित मिला है। दोनों ही बच्चों को लगातार सर्दी-बुखार था। इसके बाद प्राइवेट लैब की जांच में दोनों की रिपोर्ट पॉजिटिव आई, हालांकि इन्हें अस्पताल में भर्ती नहीं करना पड़ा। इलाज के बाद उनकी स्थिति कंट्रोल में है। इससे एक दिन पहले कर्नाटक और तमिलनाडु में 2-2, पश्चिम बंगाल और गुजरात में एक-एक केस मिलाकर वायरस के कुल 6 मामले सामने आए थे। सभी पीड़ित,बच्चे हैं। देश के 4 राज्यों में संक्रमण के मामले मिलने के बाद स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने कहा था कि यह वायरस सामान्य है और इससे डरने की जरूरत नहीं है। चिकित्सकों का भी यही कहना है, लेकिन इसके बारे में जिस तरह की खबरें चल रही हैं, वे इस तरह चलाई जा रही हैं जैसे कि यह दूसरा कोविड है। कुछ तो लिख भी यही रहे हैं कि कोरोना जैसा वायरस। यह गलत है। यह वायरस है, लेकिन कोरोना जैसा नहीं है। सावधानी और चिकित्सा से इस वायरस से बचा जा सकता है। विशेषज्ञों ने यह कह दिया है कि एचएमपीवी कोई नया वायरस नहीं है। 2001 में इसकी पहली बार पहचान हुई थी। इसके बाद ये दुनिया में फैला। ये हवा के माध्यम से फैलता है। ये सभी एज ग्रुप के लोगों पर असर करता है। गुजरात के मामले में कहा जा रहा है कि वह बच्चा पहले ही से बीमार था रूटीन जांच में वायरस मिला। अहमदाबाद में 2 महीने के बच्चे को तबीयत खराब होने पर 15 दिन पहले हॉस्पिटल में एडमिट कराया गया था। उस बच्चे को सर्दी और तेज बुखार था। शुरूआत में 5 दिन तक उसे वेंटिलेटर पर भी रखा गया था। इसके बाद हुई जांचों में वायरस के संक्रमण का पता चला। कर्नाटक के दोनों केस के बारे में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि बच्चे रुटीन जांच के लिए अस्पताल पहुंचे थे। टेस्ट कराने पर उनकी रिपोर्ट पॉजिटिव आई। इस वायरस से संक्रमित होने पर मरीजों में सर्दी और कोविड-19 जैसे लक्षण दिखाई देते हैं। इसका सबसे ज्यादा असर छोटे बच्चों पर देखा जा रहा है। इनमें 2 साल से कम उम्र के बच्चे सबसे ज्यादा प्रभावित हैं। जानकारों का मानना है कि मीडिया इस वायरस को लेकर बढ़ा-चढ़ाकर चिंता की स्थिति दिखा रहा है। जबकि, आंकड़े बताते हैं कि अचानक से अस्पतालों में लोगों के बढ़ने का कारण सिर्फ एचएमपीवी नहीं है, बल्कि कई अन्य वायरल संक्रमण हैं। एचएमपीवी जैसे वायरस आमतौर पर इस मौसम में अस्थायी रूप से फैलते हैं। कुछ समय बाद इनके मामलों में स्वाभाविक तौर पर गिरावट आ जाती है। चिकित्सकों का कहना है अस्पताल में ज्यादा लोगों के भर्ती होने का यह मतलब नहीं निकाला जाना चाहिए कि स्वास्थ्य सेवाएं फेल हो गई हैं। मौजूदा स्थिति पर निगरानी और संक्रमित लोगों को जरूरी मेडिकल अटेंशन देना जरूरी है। लेकिन, इस वायरस से कोरोना के डेल्टा वेरिएंट जैसी महामारी के संकट की संभावना नहीं है। डॉक्टरों ने कहा है कि एचएमपीवी या ह्यूमन मेटा न्यूमोनिया वायरस, कोविड-19 जितना हानिकारक नहीं है। बेंगलुरु में दो शिशुओं में वायरस का पता चलने पर दहशत फैलने के बीच डॉक्टरों ने अपनी राय जाहिर की।भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद ने औपचारिक रूप से घोषणा की है कि दोनों शिशुओं में ब्रोन्कोन्यूमोनिया का इतिहास रहा है और कई सांस संबंधी बीमारियों की नियमित निगरानी के दौरान उनमें ये वायरस पाया गया है।ज्यादातर डॉक्टर कह रहे हैं कि यह एक मौसमी संक्रमण है, यह आमतौर पर इन्फ्लूएंजा के मामलों के साथ-साथ होता ही होता है और सबसे पहले बच्चे ही इससे संक्रमित होते हैं। चीन से जो रिपोर्ट आ रही हैं, उसके अनुसार वहां एचएमपीवी के अलावा दूसरे वायरस भी हैं, ये एक नॉर्मल सी घटना है कि आपके पास संक्रमण पैदा करने वाले अलग-अलग वायरस का मिश्रण हो। आमतौर पर सर्दियों और वसंत के दौरान ऐसे संक्रमण अधिक हो सकते हैं। इनका अलग-अलग इलाकों में अलग-अलग असर होता है। घबराने की बिल्कुल भी जरूरत नहीं है। एचएमपीवी वायरस कोविड 19 से अलग है। कोविड एक नया वायरस था। इस वजह से किसी भी इंसान में इसके प्रति दूसरे वायरस की तरह प्रतिरोधक क्षमता नहीं थी। एचएमपीवी का पता सांस की तकलीफ के कारणों की जांच के दौरान चला। इसलिए शुरू में इसके बारे में अधिक जानकारी सामने नहीं आई लेकिन अब साफ है कि ये एचएमपीवी है।आरएसवी एक आम लेकिन अत्यधिक संक्रामक वायरस है, जो दिसंबर-जनवरी के दौरान अपने चरम पर होता है। यह फेफड़ों, नाक और गले को संक्रमित करता है और कमजोर व्यक्तियों में गंभीर बीमारी का कारण भी बन सकता है। डॉक्टर यह भी कहते हैं कि जब बच्चा पाँच साल या उससे ज्यादा उम्र का हो जाता है, तो वह इस वायरस से मुकम्मल इम्युनिटी हासिल कर लेता है। इस वायरस के संक्रमण के लक्षणों में खांसी, बुखार, नाक बंद होना और सांस लेने में तकलीफ और फ़्लू शामिल हैं। अधिक गंभीर मामलों में, इससे ब्रोंकाइटिस या निमोनिया भी हो सकता है। इसका असर खासकर छोटे बच्चों, बुजुर्गों और कम इम्युनिटी वाले लोगों पर अधिक होता है। ये वायरस छींक से निकली बूंदों, करीबी व्यक्तिगत संपर्क और वायरस से दूषित जगहों को छूने के बाद मुंह, नाक या आंखों को छूने से फैलता है। संभावना यह भी है कि ये वायरस चीन की तरह भारत में न फैले,इसकी संक्रमण दर धीमी हो सकती है। चीन में भारत की तुलना में अलग-अलग समय पर और अलग-अलग वजहों से लंबे लॉकडाउन रहे हैं। जब वहां लोगों के बीच कोई संपर्क नहीं था, वहां न केवल कोविड संक्रमण बल्कि दूसरे वायरस भी एक-दूसरे से फैलना बंद हो चुके थे, ये भी वहाँ संक्रमण के तेजी से फैलने की वजह हो सकती है। लॉकडाउन जैसी पाबंदियां सभी तरह के संक्रमणों को फैलने पर रोक लगा सकती हैं, खासतौर से हवा से फैलने वाले संक्रमण पर। चीन में लंबे समय तक चले लॉकडाउन की वजह से हवा से फैलने वाले सभी तरह के संक्रमणों की महामारी में बदलाव आ सकता है और एक बड़ी आबादी अति संवेदनशील हो सकती है। कर्नाटक में स्वास्थ्य विभाग के शीर्ष अधिकारियों की बैठक के बाद जारी एक बयान में कहा गया, चिंता का कोई कारण नहीं है, संक्रमण की संभावना उतनी नहीं होती जितनी कोविड में होती है, लेकिन एहतियात बरतने की सिफ़ारिश की जाती है।

चार तीर

सुनील उत्सव

'बिजली' 'दिल्ली' 'पंजाब' 'आपदा'

बिजली पानी तो फ्री है और कुछ सुविधा नहीं,
कह रही दिल्ली की जनता आप निकले आपदा।
औरतें पंजाब से आकर यही कह कर गयीं,
आपको समझा मसीहा आप निकले आपदा।

॥ ॐ शांति ॥

अत्यंत दु:ख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि हमारे पूज्य
श्री काशी राम गोयल जी
का स्वर्गवास दिनांक 28/12/2024 को हो गया है।
प्रभु की ऐसी ही इच्छा थी।

शोक सभा
दिनांक- 9 जनवरी 2025, बृहस्पतिवार
ब्रह्मभोज - दोपहर 12:00 बजे
रस्म पगड़ी- दोपहर 2:00 बजे से
स्थान- आशीर्वाद बैंक्वेट हॉल, लक्ष्मण विहार, मुज़फ़्फ़रनगर

शोकाकुल परिवार
कांता गोयल (धर्मपत्नी)
संजय गोयल-रेनू गोयल (पुत्र-पुत्रवधू) ऋषभ गोयल (पोता), श्रुति गोयल (पोती)
संदीप गोयल- गरिमा गोयल (पुत्र-पुत्रवधू) वासु गोयल, शिवम गोयल (पोते)
सीमा अग्रवाल- तरूण अग्रवाल (पुत्री-दामाद) कुश अग्रवाल (धेवता)

प्रतिष्ठान
सीमा कलेक्शन, सीमा फैशंस
एस.डी. मार्केट, शिव चौक, मुज़फ़्फ़रनगर

निवास
580/7/1, भरतिया कॉलोनी, रामा देवी आई हॉस्पिटल के पास, मुज़फ़्फ़रनगर

संपर्क- 9897851018, 9897318156

देवल में अज्ञात हमलावरों ने बाइक सवार होटल संचालक को गोली मारी, हालत गम्भीर, गन्ने के खेत में घुसकर फरार

रामराज, 07 जनवरी (बु.)। रामराज थाना क्षेत्र के गांव देवल में एक होटल संचालक को पैदल आए तीन अज्ञात हमलावरों ने उसके सिर में गोली मार दी, जिसमें होटल संचालक गम्भीर रूप से घायल हो गया। उसको जानसठ चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है।

खतौली के ग्राम भैंसी के मूल निवासी होटल संचालक राजेंद्र सिंह पुत्र हरि प्रेम सिंह पिछले करीब 35 वर्ष से गांव देवल में मेरठ-पौड़ी राजमार्ग पर पीकॉक होटल बनाकर यही पर रह रहे हैं तथा इनका होटल पिछले काफी समय से बंद पड़ा हुआ है। राजेंद्र सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि मंगलवार की शाम को वह गाँव की ओर से बाइक पर सवार होकर होटल की ओर आ रहा था, तभी होटल के निकट पहले से खड़े हुए तीन युवकों ने उसे रुकने का इशारा किया। राजेंद्र सिंह को लगा कि शायद वह रास्ता पूछना चाहते हैं राजेंद्र सिंह के रुकते ही तीन युवकों में से एक ने तमंचा निकालकर उसके सिर को निशाना बनाकर तमंचे से गोली चला दी, जिससे वह आंख के निकट गोली के कुछ छर्रे लगने से गम्भीर घायल हो गया। राजेंद्र सिंह के शोर मचाने पर तीनों अज्ञात हमलावर पास के गन्ने के खेतों में घुसकर फरार हो गए। आनन-फानन में इसकी सूचना रामराज थाना पुलिस को दी गई, जिस पर रामराज थाना प्रभारी सुनील कसाना पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे तथा घटना की जानकारी ली। प्राथमिक उपचार दिलाने के बाद घायल को जानसठ अस्पताल में भर्ती कराया। रामराज थाना प्रभारी सुनील कसाना ने जानकारी देते हुए बताया कि मामले की जांच की जा रही है। तहरीर प्राप्त होते ही मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्यवाही की जाएगी।

भलेड़ी गांव प्रकरण में महिला की तहरीर पर छह लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

जानसठ, 7 जनवरी (बु.)। कस्बे के निकटवर्ती गांव भलेड़ी में बीती रात जमीन को लेकर हुई मारपीट में महिला की तहरीर पर 6 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। भलेदी निवासी पूनम पत्नी प्रदीप कुमार ने कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि उनके परिवार के ही कुछ लोगों के कुछ लोग उनकी जमीन पर अवैध रूप से कब्जा करना चाह रहे हैं। वह अपनी जमीन में निर्माण कार्य कर रहे थे, तभी आधा दर्जन लोगों नाम मौके पर पहुंचकर उनके साथ मारपीट की साथ ही उन्होंने मिट्टी का तेल डालकर उन्हें जिंदा जलाने की कोशिश की। पूनम ने बताया कि उसके परिवार के लोग अपने हिस्से की जमीन पहले ही भेज चुके थे, अब उनकी नियत उनकी जमीन पर कब्जा करने की है। उसने बताया की मारपीट के दौरान उसके साथ भी बदतमीजी की गई। उसने बताया की मारपीट में उसके पति प्रदीप कुमार व बेटे लक्ष्य को गंभीर चोटे आई हैं, जिसे सीएससी में भर्ती कराया गया। वहां से लक्ष्य को जिला अस्पताल के लिए रैफर किया गया। पुलिस ने पूनम की तहरीर पर कर्म सिंह, ललित तंवर, सुशीला, संदीप तंवर और लक्ष्मीकांत एडवोकेट के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

छह बच्चों को छोड़कर भिखारी के साथ भाग गई मां, पति परेशान

हरदोई, 07 जनवरी (एजेंसी)। उत्तर प्रदेश के हरदोई से सामने आया है, जहां एक 6 बच्चों की मां को उसके घर पर भीख मांगने आने वाले भिखारी से प्यार हो गया। भिखारी को दिल दे बैठी 6 बच्चों की मां भिखारी के साथ फरार हो गई। पत्नी के भागने के बाद उसके पति ने पुलिस में केस दर्ज कराया और अपनी पत्नी को वापस लाने की गुहार लगाई। अब पुलिस भिखारी की तलाश में जुटी है। ये मामला हरदोई जिले के हरपालपुर कोतवाली क्षेत्र का है। जहां पीड़ित पति राजू ने मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसके 6 बच्चे हैं और उसकी पत्नी को भिखारी भगाकर ले गया है। पीड़ित पति ने बताया कि हरदोई के सांडी थाना क्षेत्र के मोहल्ला खिड़कियां के रहने वाला नन्हे पंडित अक्सर उनके घर पर भीख मांगने आता था। पति ने ये भी बताया कि उसकी पत्नी अक्सर भिखारी से बातें करती थी। पति ने उसे कई बार देखा है। पति ने कहा कि एक दिन वह घर से सांडी बाजार में सब्जी और कपड़े खरीदने की बात कहकर निकली और अभी तक वापस नहीं आई। इसके साथ ही वह घर में रखे हुए पैसे भी लेकर चली गई है, जो भैंस और मिट्टी बेचकर जमा किए गए थे। उसे भिखारी भगाकर ले गया है। हरदोई के हरपालपुर थाना अध्यक्ष राजदेव मिश्रा ने बताया कि लमकन निवासी पीड़ित राजू ने भिखारी के खिलाफ पत्नी को भगा ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़ित ने भिखारी पर गंभीर आरोप लगाया। इसके साथ ही पति ने भैंस और मिट्टी बेचकर जमा किए गए पैसों को ले जाने की बात कही गई है। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए केस दर्ज कर लिया है। पुलिस ने मामले की जांच और आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

ठंड और कोहरे की मार से अस्तव्यस्त हुआ जनजीवन

लखनऊ, 07 जनवरी (वार्ता)। उत्तर प्रदेश में कड़ाके की ठंड के बीच घना कोहरा सितम ढा रहा है। राज्य के कई जिलों में अधिकतम तापमान सामान्य से चार डिग्री तक लुढ़क गया है वहीं न्यूनतम तापमान दस डिग्री से नीचे आ गया है। मौसम विभाग के अनुसार कम से कम अगले 48 घंटो तक अधिसंख्य जिलों में ठंड और कोहरे से निजात मिलने की कोई संभावना नहीं है। अगले तीन दिनो में कई जिलों में कोल्ड डे जैसे हालात पैदा होने का अनुमान है। विभाग के अनुसार 11 जनवरी तक कुछ जिलों में हल्की बारिश और ओले गिरने के आसार हैं। लखनऊ,उन्नाव,बाराबंकी,गोंडा और हमीरपुर समेत कई जिलों में आसमान में बादल छाये हुये हैं और कोहरे के बीच रात के समय दृश्यता स्तर 100 मीटर से भी कम रह गया है। ठंड के कारण स्कूलों में शीतकालीन अवकाश घोषित किया गया है। कोहरे के चलते लखनऊ, वाराणसी समेत कुछ जिलों में उड़ानें प्रभावित रहीं, कई ट्रेने भी आठ घंटे की देरी से चली।

व्यापारियों की आवाज व्यापार मंडल के कुनबे में हुई वृद्धि

मुजफ्फरनगर, 07 जनवरी (बु.)। जनार्दन विश्वकर्मा जिला महामंत्री ओर राजेश भाटिया जिला सह महामंत्री द्वारा जानकारी दी गई कि दर्शन सिंह और अजय अरोरा के प्रयासों से शलभ गुप्ता जिलाध्यक्ष द्वारा अजय वर्मा (दावत पार्टी हाल) को लिंक रोड का इकाई अध्यक्ष नियुक्त किया गया। इनके साथ आये सुशील धीमान, राहुल अरोरा, सुनील सिंघल, निर्दोष कुमार, मनीष सिंघल, अरुण कुमार आदि को व्यापार मंडल की शपथ दिलाई गई शीघ्र पूर्ण इकाई की होगी। घोषणा नवनियुक्त् व्यापारियों का माला पहनाकर किया गया। स्वागत शलभ गुप्ता ने वहा का निरीक्षण कर रही नगर पालिका ईओ प्रज्ञा सिंह से व्यापारियों को लेकर लिंक रोड से समबंधित समस्याओ को लेकर कि मुलाकात और समस्याओ से अवगत कराया, जिनके पूर्ण निदान का आश्वासन मिला ओर कूड़ा उठना भी तुरंत शुरू हो गया व्यापारियों ने ई.ओ साहिबा का आभार प्रकट किया।

विजय बाटा नगर महामंत्री ओर जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद गर्ग द्वारा नव नियुक्त व्यापारियों का माला पहनाकर स्वागत किया गया। अनुज मित्तल सर्राफ,राजीव मित्तल सर्राफ,शिवा सिंघल,विपिन गुप्ता द्वारा व्यापारियो को सम्बोधित किया गया।

मुख्य रूप से शलभ गुप्ता, जनार्दन विश्वकर्मा, राजेश भाटिया, विजय बाटा,राजेंद्र प्रसाद गर्ग, अजय वर्मा,सुशील धीमान,राहुल अरोरा, सुनील सिंघल, निर्दोष कुमार,मनीष सिंघल,अरुण कुमार,राजीव मित्तल सर्राफ,अनुज मित्तल सर्राफ,शिवा सिंघल,विपिन गुप्ता,दर्शन सिंह,अजय अरोरा, विनीत धीमान,प्रवीण तायल आदि व्यापारीगण मौजूद रहे।

शाहपुर मे चेयरमैन के नेतृत्व में करोड़ों के विकास कार्य की मंजूरी

- बोर्ड बैठक में कई प्रस्तावों पर मोहर लगी, प्रत्येक नागरिक को देना होगा अपनी संपत्ति का ब्यौरा
- अब तीन मंजिला भवन का भी नक्शा पास होगा
- नगर पंचायत के खोखो पर 20% बढ़ा किराया
- अधिशासी अधिकारी दीपक कुमार ने साझा की बैठक की जानकारी

शाहपुर, 07 जनवरी (बु.)। कस्बे के नगर पंचायत कार्यालय पर आयोजित बोर्ड की बैठक का संचालन करते हुए अधिशासी अधिकारी दीपक कुमार ने बताया कि नगर पंचायत को शासन से कस्बे के विकास के लिए चार करोड़ रुपए की स्वीकृति मिली है, जिसमें जल निकासी के लिए दो करोड़, पेयजल के लिए एक करोड़ व पंडित दीनदयाल उपाध्याय सड़क निर्माण के लिए एक करोड़ रुपए की स्वीकृति मिली है।

उन्होंने बताया कि बैठक में नगर पंचायत की आय बढ़ाने के लिए नगर पंचायत की भूमि पर रखे खोखो के किराए में 20 प्रतिशत की वृद्धि करने के साथ प्रत्येक पांच साल बाद 10 प्रतिशत की वृद्धि करने का प्रस्ताव पारित किया गया। नगर पंचायत से नकल लेने के लिए 100 रुपये प्रति नकल जारी करने का प्रस्ताव पारित किया गया है। उन्होंने बताया कि बैठक में हाउस टैक्स का सर्वे फाइनल ना होने के कारण जो गृहकर 2023-24 में लिया गया था वही गृहकर 2024-25 में वसूला जाएगा। उन्होंने बताया कि शासन के निर्देश पर स्वकर गृहकर के अंतर्गत प्रत्येक नागरिक को अपनी संपत्ति का पूरा ब्यौरा देना होगा। नगर पंचायत में भवन निर्माण दो मंजिला की बजाय तीन मंजिला तक बनाया जा सकेगा, इसका नक्शा पास होगा। पहले दो मंजिला तक का नक्शा पास करने का प्रावधान था। इसके बाद शासन से निर्धारित गृह कर देना होगा। इसके अलावा बैठक में सभासदों ने अपने-अपने वार्डों में विकास कार्यों के प्रस्ताव रखें। बैठक की अध्यक्षता नगर पंचायत अध्यक्ष हाजी अकरम कुरैशी ने की। बैठक का संचालन नगर पंचायत के वरिष्ठ लिपिक सतीश पवार ने किया। बैठक में सभासद सोनू सैनी, मनोज सैनी, विशाल गर्ग, मनोज अरोरा, आसिफ सलमानी, वकीला बेगम, नीतू व सतीश पाल, मोहसिन रंगरेज, इस्लाम मलिक, अब्दुल कलाम अंसारी, आदिल खान, बुद्ध प्रकाश सहित सभी सभासद मौजूद रहे।

सीएम योगी आदित्यनाथ ने गृहमंत्री अमित शाह से की खास मुलाकात

नई दिल्ली, 07 जनवरी (एजेंसी)। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दिल्ली में गृहमंत्री अमित शाह से मुलाकात की। इस बैठक में तीन नए आपराधिक कानूनों पर चर्चा हुई। योगी आदित्यनाथ ने महाकुंभ की तैयारियों पर भी चर्चा की और मिल्कीपुर उपचुनाव के उम्मीदवार पर विचार-विमर्श किया। कुछ अहम मुद्दों पर जानकारी बाहर आना बाकी है।

उत्तर प्रदेश की योगी सरकार मिल्कीपुर उपचुनाव के साथ ही महाकुंभ की तैयारियों में जुटी हुई है। चुनाव आयोग ने मंगलवार को अयोध्या की मिल्कीपुर सीट पर होने वाले उपचुनाव के लिए तारीखों का एलान कर दिया है। 5 फरवरी को वोट पड़ेंगे, जबकि 8 फरवरी को उपचुनाव के नतीजे आएंगे। इसी बीच सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंगलवार को अचानक दिल्ली पहुंच गए हैं। सीएम योगी के दिल्ली दौरे को कई मायनों में बेहद अहम माना जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गृहमंत्री अमित शाह की बैठक में हिस्सा लिया है। दिल्ली दौरे के दौरान सीएम योगी मिल्कीपुर उम्मीदवार के नाम पर भी चर्चा कर सकती है। माना जा रहा है कि जल्द उम्मीदवार की घोषणा हो सकती है। दरअसल केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने तीन नए आपराधिक कानूनों के क्रियान्वयन पर एक समीक्षा बैठक बुलाई है। इस बैठक में हिस्सा लेने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ दिल्ली पहुंच गए हैं। मंगलवार को अचानक दिल्ली पहुंचे यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ दिल्ली के नॉर्थ ब्लॉक स्थित गृह मंत्रालय पहुंचे। यहां सीएम योगी केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के साथ बैठक में शामिल हुए हैं। वहीं सीएम योगी अपने दिल्ली दौरे के दौरान कई बड़े नेताओं से मुलाकात कर सकते हैं। योगी पीएम मोदी से भी मुलाकात करके महाकुंभ की तैयारियों के बारे में चर्चा कर सकते हैं। बता दें, यूपी के प्रयागराज में 13 जनवरी से महाकुंभ शुरू होने जा रहा है, जो कि अगले महीने फरवरी महीने तक चलेगा। इस महाकुंभ को दिव्य और भव्य बनाने के लिए योगी सरकार कोई कोर कसर नहीं छोड़ना चाहती है। सरकार महाकुंभ में कोई कमी नहीं छोड़ना चाहती है। इसको लेकर सीएम योगी समेत मंत्री तक कुंभ में आने का न्योता भी दे चुके हैं। इसके साथ ही योगी सरकार अयोध्या की मिल्कीपुर उपचुनाव को जीतने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है।

कार की टक्कर से महिला सहित बाइक चालक घायल

जानसठ, 7 जनवरी (बु.)। थाना क्षेत्र के गांव सादपुर के पास खतौली जानसठ मार्ग पर कल्याणपुर से जानसठ दवाई लेने आ रहे बाइक सवारों को विपरीत दिशा से आ रही कार ने टक्कर मार दी। टक्कर लगने से बाइक सवार सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को पुलिस ने सीएससी जानसठ भिजवाया। जहां से उन्हें प्राथमिक उपचार देकर जिला अस्पताल रैफर कर दिया।

रतनपुरी थाना क्षेत्र के गांव कल्याणपुर निवासी 30 वर्षीय अमन पुत्र महमूद बाइक द्वारा सीमा पत्नी राकिब के साथ मंगलवार की दोपहर लगभग एक बजे अपने गांव कल्याणपुर से जानसठ दवाई लेने आ रहा था। जैसे ही वह लोग खतौली जानसठ मार्ग पर गांव सादपुर के पास पहुंचे तो जानसठ की ओर से आ रही तेज रफ्तार कार ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर लगने से बाइक सवार सड़क पर गिर गए। सड़क पर गिरकर दोनो गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने अमन और सीमा को उपचार के लिए सीएचसी जानसठ पहुंचाया। जहां से दोनों की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें प्राथमिक उपचार देकर जिला अस्पताल रैफर कर दिया। कोतवाली प्रभारी राजीव शर्मा ने बताया कि दुर्घटना की अभी तक तहरीर नहीं आई है। तहरीर आने पर आगे की कार्यवाही की जाएगी।

बीएसएफ इंस्पेक्टर को डिजिटल अरेस्ट कर 71 लाख रुपए ठगे

ग्वालियर, 07 जनवरी (वार्ता)। मध्य प्रदेश के ग्वालियर स्थित सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) अकादमी परिसर में रहने वाले एक इंस्पेक्टर को लगभग एक महीने तक डिजिटल अरेस्ट कर 71 लाख 24 हजार रूपये ठगने का मामला प्रकाश में आया है। इस दौरान इंस्पेक्टर को ठगों ने पहले 94 हजार रूपये वापस किए फिर 34 ट्रांजेक्शन कराए। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक धर्मवीर सिंह ने बताया कि सोमवार को शाम को अबसार अहमद निवासी मउ उत्तर प्रदेश ने ठगी करने की रिपोर्ट कराई। इंस्पेक्टर से दो दिसंबर से 31 दिसंबर तक ठगों ने अलग अलग खातों में 34 बार रूपये ट्रांसफर कराए। इंस्पेक्टर का परिवार लखनऊ में रहता है और ठगों को रूपये ट्रांसफर करने के लिए अबसार अहमद तीन बार ट्रेन से लखनऊ भी गए। इस दौरान ठग उन्हें लगातार फोन कर किसी से बात संपर्क ना करने के लिए डराते भी रहे।

ईओ ने किया लिंक रोड का औचक निरीक्षण, जेसीबी से कूड़ा हटवाकर, दिए न डालने के निर्देश

मुजफ्फरनगर, 07 जनवरी (बु.)। मंगलवार को व्यापारियों की आवाज व्यापार मंडल द्वारा पालिका ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह से लिंक रोड के व्यापारियों की तमाम समस्याओं के निदान कराने की मांग की। इस बीच ईओ पालिका व्यापारियों की समस्याओं के निदान की खातिर भोपा रोड बस स्टैण्ड वाली उक्त सड़क के निर्माण को लेकर उत्पन्न हो रही समस्याओं का भी मौके पर जाकर निदान कराया। लिंक रोड़ पर टूटी सड़क एवं अन्य समस्याओं को लेकर आज ही व्यापारी नेता शलभ गुप्ता ने उन्हें शिकायत की थी कि महीनों से इस सड़क का निर्माण कार्य बंद पड़ा है। रोड़ पर रोजमर्रा कूड़ा डाल दिए जाने के कारण ही यहां निर्माण कार्य शुरू नहीं हो पा रहा है, इससे क्षेत्र के लोगों को परेशानी हो रही है। ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह ने मौके पर पहुंचकर जेसीबी से तत्काल उक्त कूड़े को उठवाने के साथ सफाई नायक को निर्देश दिए कि सड़क निर्माण होने तक अब यहां पर कूड़ा न डाला जाये। इसके साथ ही उन्होंने यहां स्थित एक बैंकटहॉल में व्यापारियों के साथ बैठक करते हुए पालिका के नाइट स्वीपिंग और दूसरे तमाम अभियानों में सहयोग करने की अपील भी की।

अमित शाह ने किया सीबीआई का भारतपोल पोर्टल लॉन्च

नई दिल्ली, 07 जनवरी (एजेंसी)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा विकसित भारतपोल पोर्टल को लॉन्च किया। इस अवसर पर अमित शाह ने सीबीआई अधिकारियों और कर्मचारियों को पुलिस पदक भी प्रदान किया। भारतपोल पोर्टल के लॉन्च पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने अपने संबोधन में कहा, आज भारतपोल के शुभारंभ के लिए हम यहां एकत्रित हुए हैं। यह हमारे देश की अंतरराष्ट्रीय जांच को एक नए युग में ले जाने वाली शुरूआत है। भारतपोल की संरचना से भारत की हर एजेंसी, हर राज्य की पुलिस खुदको इसकी मदद से बहुत सरलता से इंटरपोल के साथ जोड़ पाएगी और जांच को गति दे पाएगी। अमित शाह ने आगे कहा कि हम सब जानते हैं कि हम अमृत काल में जी रहे हैं। आजादी के 75 साल से आजादी के 100 साल के कालखंड को ना केवल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमृत काल के रूप में वर्णित किया है, बल्कि अब देश की 140 करोड़ की जनता ने इस काल खंड को अमृत काल के रूप में स्वीकार भी किया है। भाजपा नेता ने कहा कि देश की 140 करोड़ जनता ने संकल्प लिया है कि 2047 में जब देश को आजादी के 100 साल होंगे, तब भारत हर क्षेत्र में विश्व में पहले स्थान पर होगा और हम हर क्षेत्र में विश्व का नेतृत्व कर रहे होंगे। अगर ये संकल्प हमें सिद्ध करना है तो इसके कई पड़ाव हैं। हमने तय किया है कि 2027 तक भारत को विश्व की तीसरे नंबर की अर्थव्यवस्था बनाएंगे। वहीं, से पहला कदम शुरू होगा। 2047 तक भारत को पूर्ण विकसित राष्ट्र बनने के लिए हमारे पास 25 साल हैं।

शेख हसीना के खिलाफ नया गिरफ्तारी वारंट जारी, 12 फरवरी को कोर्ट में पेशी

ढाका, 07 जनवरी (एजेंसी)। हसीना के खिलाफ यह दूसरा गिरफ्तारी वारंट है। इससे पहले उनकी सरकार के खिलाफ हुए प्रदर्शनों को कुचलने के लिए शेख हसीना पर मानवता का आरोप लगाते हुए एक गिरफ्तारी वारंट जारी हुआ था। बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के मुश्किलें कम नहीं हो रही है। बांग्लादेश की इंटरनेशनल क्राइम ट्रिब्यूनल (आईसीटी) ने अवामी लीग सरकार के कार्यकाल के दौरान जबरन गायब किए जाने की घटनाओं में कथित संलिप्तता के लिए अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना और 11 अन्य के खिलाफ नए गिरफ्तारी वारंट जारी किए हैं। हसीना के खिलाफ यह दूसरा गिरफ्तारी वारंट है। इससे पहले उनकी सरकार के खिलाफ हुए प्रदर्शनों को कुचलने के लिए शेख हसीना पर मानवता का आरोप लगाते हुए गिरफ्तारी वारंट जारी हुए हैं। साथ ही 2009 के बांग्लादेश राइफल्स नरसंहार की फिर से जांच कर रहे आयोग ने सुझाव दिया है कि वह हसीना से पूछताछ करने के लिए एक टीम भारत भेज सकती है। आईसीटी ने आदेश दिया है कि आरोपियों को गिरफ्तार किया जाए और 12 फरवरी को अदालत में पेश किया जाए। हालांकि, बांग्लादेश सरकार अभी भी हसीना की वापसी के लिए 23 दिसंबर के अपने अनुरोध पर भारत से प्रतिक्रिया का इंतजार कर रही है। बांग्लादेश ने भारत से शेख हसीना की वापसी की मांग की है, भारत सरकार ने अभी तक बांग्लादेश के नोट वर्बल का जवाब नहीं दिया है। हालांकि ढाका ने माना कि दोनों पड़ोसियों के बीच प्रत्यर्पण संधि में कोई समय-सीमा तय नहीं है।

लायंस क्लब लोटस के नववर्ष में गूंजी गीत-संगीत की लहरी

मुजफ्फरनगर, 07 जनवरी (बु.)। लायंस क्लब लोटस की ओर से लायन परिवार के सदस्यों के साथ नववर्ष 2025 कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया। इस बीच अंताक्षरी, गीत-संगीत समेत अन्य गेम्स के साथ में कार्यक्रम को मनोरंजक बनाया गया। लोटस के सभी सदस्यों को लायंस क्लब अध्यक्ष योगेंद्र कांबोज ने उनकी मैरिज एनिवर्सरी तथा जन्मदिवस के लिए गिफ्ट्स दिए। लोटस क्लब अध्यक्ष योगेंद्र कांबोज को योग्य अध्यक्ष के लिए श्री रामचंद्र जी की प्रतिमा से सम्मानित किया। अनुपमा गोयल व प्रिया माहेश्वरी ने सभी को रोचक गेम्स तथा खेल खिलाये। लायंस क्लब लोटस के सदस्य विवेक वर्मा का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। नव वर्ष कार्यक्रम की प्रोग्राम चेयरपर्सन अनुपमा गोयल व धर्मेन्द्र कुमार ने बहुत सुंदर मंच संचालन किया तथा सभी सदस्यों के लिए सुंदर शब्दों के साथ अभिवादन किया। डॉ. अनुराधा वर्मा ने नए सदस्यों का परिचय करवाया। वहीं मोक्ष बैंड ने लाइव स्टेज परफार्मेंस देकर कार्यक्रम को और भव्य बनाया। इस दौरान डॉ. मुकेश अरोड़ा, योगेंद्र कंबोज ने वोट ऑफ थैंक्स देते हुए इस कार्यक्रम की सफलता के लिए लोटस परिवार के सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया। सभी सदस्यों ने अपने जीवनसाथी के साथ स्टेज परफार्मेंस दी तथा उनके सम्मान और गौरवगाथा का वर्णन किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सिकंदर लाल, सतीश कुमार सेठ, अशोक विरमानी, साधना मेहता, विनय महेश्वरी, कमला भगत, दीपक भगत, मनीष वर्मा, सोनिया वर्मा, डॉ. लवी रानी, आशीष गोयल, रेणुका रेहान, तनु अरोड़ा, अरुण लोहान, निहारिका, उन्नति, शिवम कपूर, मुकेश तिवारी, ऋचा तिवारी, मिन्नी त्यागी, मानवी आदि उपस्थित रहे।

आवश्यकता है

डेंटल हैल्पर
प्रातः 9:00 बजे से रात्रि 8:00 बजे तक
लड़की रिसेप्शनिस्ट
प्रातः 10:00 बजे से रात्रि 8:00 बजे तक
सम्पर्क का समयः- दोपहर 12:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक
वेतन योग्यता एवं समय के अनुसार
सम्पर्क करें- मैनेजर
शाईन डेन्टल एवं मेडीकल क्लीनिक
निकट, महावीर चौक,अग्रवाल मार्किट के पीछे, मुजफ्फरनगर
M:.8791362345, 9045452123

किसान समस्याओं को लेकर घेरी कलेक्ट्रेट, दिया धरना

मुजफ्फरनगर, 07 जनवरी (बु.)। भारतीय किसान यूनियन टिकैत के शीर्ष नेतृत्व के आह्वान पर मंगलवार को देशव्यापी एक दिवसीय धरना प्रदर्शन व ज्ञापन कार्यक्रम का आयोजन मुख्यालय पर किया। इस बीच धरने पर पहुंचे कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट का घेराव करते हुए 11 सूत्रीय मांग पत्र किसान समस्याओं को लेकर नगर मजिस्ट्रेट के माध्यम से सरकार के नाम प्रेषित किया। अपनी मांगों को लेकर कलेक्ट्रेट पहुंचे भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं ने इससे पूर्व यूनियन के महावीर चौक स्थित कार्यालय पर एकत्रित हुए और वहां से एक बड़े जुलूस के रूप में भाकियू जिलाध्यक्ष नवीन राठी के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट कंपाउंड में धरना दिया। डीएम कार्यालय पर धरने को संबोधित करते हुए भाकियू युवा नेता चौधरी गौरव टिकैत ने कहा कि वर्तमान सरकार में बैठे कुछ लोग किसानों को अराजक और किसान आंदोलन को अराजकता का नाम दे रहे हैं, ऐसी मानसिकता को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि किसान हमेशा देशभक्त रहा है जो खेत में अन्न के रूप में सोना उगाता है और बॉर्डर पर देश के लिए शहीद होने से भी परहेज नहीं करता। उन्होंने कहा कि सत्ता के लालची लोग स्वार्थ के वशीभूत होकर किसान को तरह-तरह के नाम से नामित करके देश को भ्रमित करने का काम करते हैं। उन्होंने कहा कि जो अब तक थोड़ी बहुत किसान सम्मान निधि किसानों को मिल जाती थी उस पर भी सरकार की पैनी नजर है और उन्हें घेरने के लिए एक फार्म रजिस्ट्री के नाम से कागजात जमा करने का एक नया आदेश जारी हुआ है। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि आने वाला समय आंदोलन का है और किस-किस विभाग में किसान धरना देगा। ऐसे में मुजफ्फरनगर का जीआईसी मैदान बड़े आंदोलन के लिए उपयुक्त जगह है और जल्द बड़े आंदोलन की घोषणा की जाएगी। जिलाध्यक्ष चौधरी नवीन राठी ने कहा कि हाल ही में विजोपुरा गांव में बिजली विभाग के एक जेई ने अभद्रता की और जवाब देने पर किसान के साथ मारपीट करने की कोशिश की और एक जिम्मेदार विभागीय पद पर रहते एक राजनीतिक कार्यकर्ता की भांति राजनीतिक नारे भी लगाए गए। उन्होंने कहा कि यदि किसी भी किसान के साथ इस मामले को लेकर कोई अन्याय पूर्ण कार्यवाही की गई तो उसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और हम लोग बड़ा आंदोलन बिजली विभाग के खिलाफ करने के लिए मजबूर होंगे जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। वहीं धीरज लाटियान ने कहा कि संगठन अपनी पुरानी शैली भूल गया है यदि बाबा टिकैत के समय की शैली दोबारा प्रयोग करना शुरू कर दिया तो शायद जो अधिकारी किसानों के शोषण पर आ गए हैं वह बैक फुट पर आ जाएंगे। उन्होंने कहा कि सरकार और प्रशासन किसानों के संयम की परीक्षा ना लें अन्यथा इसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा। इस दौरान रविंद्र पंवार, श्याम पाल चेयरमैन, नीरज पहलवान, सत्येंद्र बालियान, सतेंद्र पुंडीर, गुरमेल बाजवा, संजीव भारद्वाज, अनुज बालियान, कृष्णदत्त त्यागी, प्रमोद अहलावत, बलराम सिंह, नरेश पुंडीर, स. छूटा सिंह, स. जसविंदर ज्ञानी, सतनाम सिंह हंसपाल, सोनिया सैनी, विजेंद्र राठी, रामपाल, देव अहलावत, भरतवीर आर्य, स. अमीर सिंह, विजेंद्र बालियान, संजीव पंवार, गुलशन चौधरी, जितेंद्र बालियान, मोनू चौधरी, योगेश बालियान, सुधीर शेरावत आदि ने भी अपना वक्तव्य रखा। पंचायत संचालन चौधरी शक्ति सिंह ने व अध्यक्षता ओम प्रकाश शर्मा ने की।

लो कलेक्ट्रेट भी नहीं सुरक्षित, भाकियू उपाध्यक्ष की स्कूटी चोरी

मुजफ्फरनगर, 07 जनवरी (बु.)। मंगलवार को कलेक्ट्रेट परिसर पूरी तरह से असुरक्षित सा दिखाई दिया, जब यहां सैकड़ों भाकियू के कार्यकर्ताओं के साथ स्कूटी से पहुंचे संगठन के जिला उपाध्यक्ष की किसी चोर ने स्कूटी ही उड़ा दी। धरना समाप्ति के बाद अपनी स्कूटी उठाने पहुंचे भाकियू नेता को जब निर्धारित स्थान पर स्कूटी नहीं मिली, तो वे इधर उधर उसकी तलाश में लग गए। हालांकि घंटों बाद भी भाकियू नेता की स्कूटी का पता नहीं चल पाया और वे मायूस होकर सिविल लाइन थाने पहुंचे और अपनी स्कूटी सं. यूपी 12- 3138 के कलेक्ट्रेट परिसर से चोरी होने की तहरीर देते हुए उसे उपलब्ध कराए जाने की मांग की।

बंदियों का हाल जानने पहुंचे जिला जज डीएम व एसएसपी के साथ किया जेल का निरीक्षण

मुजफ्फरनगर, 7 जनवरी (बु.)। मंगलवार को जिला जज डॉ. अजय कुमार, डीएम उमेश मिश्रा व डीआईजी एवं एसएसपी अभिषेक सिंह ने जिला कारागार पहुंचकर जिला जेल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने पुरुष व महिला बैरकों का निरीक्षण कर बंदियों से वार्ता की तथा उन्हें शासन के अनुरूप सुविधाएं मिल रही हैं अथवा नहीं इसकी जानकारी हासिल की। जिला कारागार परिसर व कार्यालय का निरीक्षण करते हुए रख-रखाव, अभिलेखों व मुलाकाती रजिस्टर का भी अवलोकन किया गया। सुरक्षा की दृष्टि के मद्देनजर कारागार में लगे जैमर व सीसीटीवी कैमरों को भी बारीकी से चेक किया गया। कारागार के अस्पताल का भी अधिकारियों ने निरीक्षण कर दवाईयों की उपलब्धता व ओपीडी के बारे में जानकारी हासिल की। अधिकारियों ने जेल प्रशासन को निर्देश दिये कि शातिर बंदियों पर कड़ी निगरानी रखी जाये तथा भयंकर सर्दी का मौसम होने के चलते उनके स्वास्थ्य का भी ध्यान रखा जाये। निरीक्षण के दौरान जिला जज व अधिकारियों के समक्ष जेल अधीक्षक अभिषेक चौधरी मौजूद रहे।

गृह क्लेश के चलते नवयुवती ने खाया जहर

बुढ़ाना, 7 जनवरी (बु.)। एक नवयुवती ने आत्महत्या करने के इरादे से गृह कलेश के चलते जहर का सेवन कर लिया। हालत बिगड़ने पर नवयुवती को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बुढ़ाना पुलिस को भी इस घटना की सूचना दी गयी है। मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना कोतवाली की परासौली चौकी क्षेत्र के एक गांव की नवयुवती ने आज मंगलवार की दोपहर किसी बात पर घर में रखी कीटनाशक दवाई का सेवन कर लिया। कुछ ही देर बाद उसके मुंह से झाग निकलने लगे। हालत बिगड़ने पर परिजनों में भगदड़ मच गयी। तब उन्होंने उक्त नवयुवती को गंभीर हालत में बुढ़ाना के एक निजी हस्पताल में भर्ती कराया। जहां पर उसका उपचार चल रहा था। घटना की सूचना बुढ़ाना पुलिस को भी दी गयी तो पुलिस ने अस्पताल पहुंचकर नवयुवती के बयान लिए। जिसमें युवती कुछ नहीं बता सकी।

रफ्तार पर लगाम लगाने हेतु काटे 15 के चालान

मुजफ्फरनगर, 7 जनवरी (बु.)। रफ्तार पर लगाम लगाने के लिए अब मुजफ्फरनगर यातायात पुलिस ने दिल्ली-देहरादून हाइवे पर स्पीड रडार लगाकर चालान काटने का काम शुरू कर दिया है। ट्रैफिक विभाग का कहना है कि आए दिन नेशनल हाइवे पर हादसों की संख्या में इजाफा हो रहा है, चूंकि देश में बड़े हाइवे बन चुके हैं, ऐसे में वाहनों की रफ्तार अब 100 से ऊपर देखी जा सकती है। बिना जान की परवाह किये एक दूसरे से आगे निकलने की होड़ में हाइवे पर दुर्घटनाओं को रोकने के लिए यह अभियान डीआई एवं एसएसपी अभिषेक सिंह के निर्देशन में चलाया गया है। इस अभियान में मंगलवार को 15 वाहनों के दिल्ली-देहरादून हाइवे पर चालान काटे गए हैं। उक्त सभी चालान चौपहिया वाहनों के हैं। यातायात प्रभारी इन्द्रजीत सिंह ने बताया कि वाहनों की तेज गति के कारण 1 जनवरी से यह अभियान चलाया गया है, जिसमें रामपुर तिराहे से एक किमी. आगे स्पीड रडार लगाकर ये चालान काटे गए हैं। उन्होंने 1 जनवरी से अब तक 65 चौपहिया वाहनों के चालान किये हैं।

पकड़ा गया साइकिल बदलने वाला चोर

साइकिल चोरी के आरोप में पकड़ा गया नाबालिग

मुजफ्फरनगर, 7 जनवरी (बु.)। न जाने नाबालिग अच्छे घर के बच्चों को क्या होता जा रहा है। रविवार को बुलेटिन द्वारा गांधी कॉलोनी का एक समाचार प्रकाशित किया गया था, जिसमें पंजाबी बारातघर के निकट से एक नाबालिग बच्चा साइकिल बदलता हुआ सीसीटीवी फुटेज में कैद हो गया था। सोमवार को उक्त नाबालिग बच्चा सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पकड़ लिया गया। बच्चे का चेहरा देखकर कोई भी नहीं कह सकता कि यह किसी गरीब परिवार से होगा। न जाने किस कारण उक्त बच्चे ने साइकिल चोरी की घटना को अंजाम दिया। बताया जाता है कि उक्त बच्चे ने एक नहीं दो अलग-अलग स्थानों से पूरा दिमाग लगाकर साइकिल बदली। पहली साइकिल जहां से उठाई उसे कहीं और छोड़ा और अपनी साइकिल वहां खड़ी कर दी। दूसरी जगह से साइकिल उठाकर पहली जगह से चोरी साइकिल वहां खड़ी कर दी। मगर सोमवार को उक्त किशोर पुलिस की चपेट में आ गया और जिसकी साइकिल जिसे मिलनी थी उसे मिल गयी। अफसोस की बात यह है कि नाबालिग किशोर को जब पकड़ा गया तो उसका चेहरा देखकर अंदाजा नहीं लगा सकता कि उसने किस कारण ऐसा किया। पुलिस उक्त किशोर से पूछताछ कर रही है।

नेपाल से दिल्ली तक हिली धरती, तिब्बत में 95 की मौत

नई दिल्ली, 07 जनवरी (एजेंसी)। भारत, नेपाल, तिब्बत और बांग्लादेश में मंगलवार सुबह भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। भूकंप के झटके महसूस होते ही लोग घरों से निकलकर सुरक्षित स्थान पर पहुंच गए। यूनाइटेड स्टेट्स जियोलॉजिकल सर्वे के मुताबिक, नेपाल और भारत के सिक्किम की सीमा के पास चीन के कंट्रोल वाले तिब्बत क्षेत्र में सुबह 7.1 तीव्रता का भूकंप आया। भूकंप का केंद्र नेपाल के लोबुचे से करीब 91 किमी दूर था। भूकंप के झटके भूटान और बांग्लादेश के कुछ हिस्सों में भी महसूस किए गए। भूकंप से मची भारी तबाही की पहली तस्वीरें सामने गई हैं। चीन की सरकारी मीडिया ने कहा कि भूकंप के कारण तिब्बत में अब तक कम से कम 95 लोगों की मौत हो चुकी है और 60 से ज्यादा घायल हैं। नेपाल, भूटान और भारत सहित पड़ोसी देशों में इमारतें जमींदोज गई हैं। नेशनल सेंटर फॉर सिस्मोलॉजी के अनुसार, बीती रात दक्षिणी ईरान में भी भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए हैं। रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 5.5 मापी गई है। भूकंप का केंद्र धरती के नीचे 10 किलोमीटर की गहराई में था। भूकंप के झटकों से लोगों में दहशत फैल गई।

शासन के निर्देश पर जब्बार करेंगे गांव जौला की प्रधानी

बुढ़ाना, 07 जनवरी (बु.)। काफी दिनों से रिक्त पड़े प्रधान पद पर अब शासन के निर्देश पर गांव जौला के अब्दुल जब्बार को काबिज किया गया है। उम्मीद लगाई जा रही है कि अब गांव जौला में विकास कार्य होंगे और गांव के दिन बहुरेंगे। जब्बार की नियुक्ति होने से ग्रामीणों में खुशी की लहर है। मिली जानकारी के अनुसार जिला मजिस्ट्रेट के बीती 27 दिसम्बर के आदेश के द्वारा जमशेद प्रधान ग्राम पंचायत जौला विकास खण्ड बुढ़ाना को प्रधान पद से पदच्युत करते हुए और बीते साल गठित की गयी तीन सदस्यीय समिति को भ्रष्टाचार के चलते समाप्त कर दिया गया है। जनहित तथा विकास कार्यों को दृष्टिगत रखते हुए उत्तर प्रदेश पंचायत राज अधिनियम 1947 की यथा संशोधित धारा 12 अ में निहित प्राविधानों के अन्तर्गत जिला मजिस्ट्रेट मुजफ्फरनगर द्वारा अब्दुल जब्बार पुत्र यासीन ग्राम पंचायत सदस्य वार्ड संख्या 09 ग्राम पंचायत जौला विकास खण्ड बुढ़ाना को ग्राम पंचायत जौला के प्रधान पद के समस्त कृत्यों एवं खातों के अस्थायी संचालन के लिए अग्रिम आदेशों तक नामित किया गया है। उक्त आदेश तत्काल प्रभावी होगा। इस मामले में डीएम, जिला पंचायत राज अधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी, बीडीओ बुढ़ाना, सचिव व अब्दुल जब्बार को भी अवगत कराया गया है।

मतपेटियों में बंद हुई डिस्ट्रिक्ट बार पदाधिकारियों की किस्मत

2467 मतदाताओं में से किया 2003 ने मताधिकार का प्रयोग ▶ आज फैंथम हाल में प्रातः 8 बजे से प्रारंभ होगी मतगणना

मुजफ्फरनगर, 07 जनवरी (बु.)। कचहरी परिसर में संपन्न हुए डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन की 2025 की नई कार्यकारिणी के गठन को मतदान के बाद अध्यक्ष-महासचिव समेत सभी 23 पदों के 62 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला मतपेटियों में बंद हो गया, जिसका परिणाम बुधवार को मतगणना के बाद ही तय होगा। इस बीच कचहरी परिसर में मंगलवार सुबह प्रातः 8 बजे प्रारंभ हुई मतदान प्रक्रिया के बीच तमाम प्रत्याशियों ने अपने समर्थकों के साथ मतदान को पहुंचे अधिवक्ताओं से अपने पक्ष में मतदान करने की अपील की। इस दौरान जिला बार एसोसिएशन मुजफ्फरनगर में मतदान प्रक्रिया में निगरानी के लिए अलग से बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश द्वारा नियुक्त पर्यवेक्षक प्रदीप कुमार सिंह एवं एल्डर कमेटी के अध्यक्ष आनंद प्रकाश त्यागी और सदस्य सत्य प्रकाश त्यागी के साथ सभी चुनाव अधिकारी मौजूद रहे। डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन वर्ष 2025 की नई कार्यकारिणी का चुनाव मंगलवार को मतदान के बाद निर्विघ्न संपन्न हो गया। इस बीच एसोसिएशन के चुनाव में कुल 23 पदों पर इस बार 62 प्रत्याशी अपनी किस्मत आजमाने के लिए चुनावी समर में दिनभर डटे रहे। मुख्य चुनाव अधिकारी वरिष्ठ अधिवक्ता रौनक अली जैदी, चुनाव अधिकारी उदयवीर सिंह पोरिया, सत्येश्वर तोमर, आमोद त्यागी, राजीव शर्मा, सीताराम वर्मा, तरूण गोयल, धर्मेन्द्र पुंडीर, कैलाश चंद, दीपक धीमान और रियाज हसन राठी की देखरेख में संपन्न हुए डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के चुनाव में कुल 2467 मतदाताओं में से मंगलवार को 62 प्रत्याशियों के लिए कुल 2003 मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग किया। डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन की वर्ष 2025 की कार्यकारिणी के चुनाव में इस बार जहां एक अध्यक्ष पद पर 4 उम्मीदवार मैदान में हैं, वहीं एक महासचिव पद पर 6, एक वरिष्ठतम उपाध्यक्ष पद पर 3, दो वरिष्ठ उपाध्यक्ष व कोषाध्यक्ष पद पर चार-चार, तीन सहसचिव पद पर 8, दो उपाध्यक्ष पद पर पांच, छह वरिष्ठ सदस्य पद पर 8, छह सामान्य सदस्य पद पर इस बार 20 उम्मीदवार मैदान में डटे हैं। डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन की कार्यकारिणी के लिए अध्यक्ष पद पर जहां ठा. कंवरपाल सिंह, सुरेन्द्र शर्मा, अंजुम खां व राजेश्वर दत्त त्यागी के भाग्य का फैसला मत पेटियों में बंद हो गया। वहीं इस बार महासचिव पद पर किस्मत आजमा रहे उम्मीदवारों में अग्रिस राणा, अनूप राठी, चन्द्रवीर सिंह व गुलबीर सिंह ने अपने पक्ष में इस बीच मतदाताओं से सहयोग मांगा।

इन्होंने कहा-

"मुख्य चुनाव अधिकारी वरिष्ठ अधिवक्ता रौनक अली जैदी ने बताया कि मंगलवार 07 जनवरी को प्रातः 8 बजे से 5 बजे सायं तक डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन का मतदान कचहरी परिसर स्थित हांडा हॉल में संपन्न कराया गया। वहीं मतगणना 08 जनवरी को प्रातः 8 बजे से मतगणना समाप्ति होने तक संपन्न कराई जाएगी। उन्होंने बताया कि मंगलवार को संपन्न मतदान प्रक्रिया में 2467 मतदाताओं में से 2003 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए पहुंचे। मतदान प्रक्रिया निर्विघ्न रूप से संपन्न" होने पर उन्होंने सभी का आभार व्यक्त किया।

दिल्ली, उत्तराखंड उच्च न्यायालयों में तीन नये न्यायाधीशों की नियुक्ति

नयी दिल्ली, 07 जनवरी (वार्ता) सरकार ने दिल्ली और उत्तराखंड के उच्च न्यायालयों के लिये मंगलवार को तीन नये न्यायाधीशों की नियुक्ति की घोषणा की। विधि एवं न्याय मंत्रालय की एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार अधिवक्ता अजय दिगपॉल को दिल्ली उच्च न्यायालय का न्यायाधीश और अधिवक्ता हरीश वैद्यनाथन शंकर तथा न्यायिक अधिकारी आशीष नैथानी को उत्तराखंड उच्च न्यायालय का न्यायाधीश नियुक्त किया गया है। मंत्रालय ने कहा है, '' भारत के संविधान द्वारा प्रदत्त अधिकार का इस्तेमाल करते हुये, राष्ट्रपति ने भारत के मुख्य न्यायाधीश के साथ परामर्श के बाद '' उक्त नियुक्तियां की हैं।

भारत-बांग्लादेश बॉर्डर पर बीएसएफ ने किया लाखों के सोने के साथ तस्कर गिरफ्तार

नई दिल्ली, 07 जनवरी (एजेंसी)। सीमा सुरक्षा बल ने पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले में भारत-बांग्लादेश सीमा के पास 36.73 लाख रुपये के सोने के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया। बीएसएफ साउथ बंगाल फ्रंटियर की 146वीं बटालियन के तहत बॉर्डर ऑथोपेडिक बेल्ट के जवानों ने विशेष खुफिया सूचना पर कार्रवाई करते हुए सोने की तस्करी की कोशिश को नाकाम कर दिया। बता दें कि जब्त किए गए सोने का वजन 467 ग्राम है, जिसमें तीन सोने के बिस्किट और एक सोने का सिक्का शामिल है। खबरो के मुताबिक तस्कर बांग्लादेश से भारत में सोने की तस्करी करने की कोशिश कर रहा था। इसके साथ ही बीएसएफ के जवानों ने एक संदिग्ध स्थान पर विशेष घात लगाई है, दोपहर करीब 2।10 बजे उन्होंने एक व्यक्ति को घास काटते हुए देखा, और पूछताछ के गहन तलाशी के बाद संदिग्ध व्यक्ति के पास से सोना बरामद हुआ है।

नगर में एक-दूजे के हुए 37 जोड़ों का सामूहिक विवाह संपन्न

मंत्री-चेयरपर्सन ने नवयुगलों को दिया सभासदों संग आशीर्वाद ▶ एक हिन्दू और 3 मुस्लिम जोड़े रहे कार्यक्रम से गैर हाजिर

मुजफ्फरनगर, 07 जनवरी (बु.)। नगरीय क्षेत्र में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत शहरी क्षेत्र से चयनित 41 में से 37 कन्याओं की शादी धूमधाम के साथ संपन्न कराई गई। इस बीच किन्हीं कारणों से चार जोड़े शादी कार्यक्रम में नहीं पहुंचे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मंत्री कपिल देव अग्रवाल और नगर पालिका चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप द्वारा नवयुगलों को सफल वैवाहिक जीवन का आशीर्वाद दिया गया। इस बीच एक पंडाल में मुस्लिम जोड़ों का जहां मौलवी ने निकाह पढ़ाया वहीं दूसरी ओर हिंदू युगलों का पंडित जी द्वारा मंत्रोच्चार के उपरांत विवाह संपन्न कराया। इस साम्प्रदायिक सौहार्द की तस्वीर को देख, सभी ने योगी सरकार की योजना की प्रशंसा की और इन जोड़ों को 35-35 हजार रुपये का चैक और सामान देकर खुशी-खुशी विदाई दी।

योगी सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं में शुमार मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत मंगलवार को नगरपालिका क्षेत्र के 55 वार्डों से 145 कन्याओं की शादी के लिए आवेदन किया था। समाज कल्याण विभाग द्वारा इन आवेदनों की जांच की गई। इनमें से 41 कन्याओं को योजना में पात्र मानते हुए मंगलवार को सामूहिक विवाह कार्यक्रम कराया गया। सनातन धर्म सभा भवन में लगाए पंडाल में हिंदू और मुस्लिम कन्याओं का विवाह संपन्न होने के दौरान मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश सरकार के व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास मंत्री स्वतंत्र प्रभार कपिल देव अग्रवाल और पालिका चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप ने नवयुगलों को सफल वैवाहिक जीवन का आशीर्वाद दिया। मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हर वर्ग के हितों को लेकर काम किया है। आज यह समारोह सरकार की सबका साथ सबका विकास की नीति का प्रमाण है। यहां हिंदू व मुस्लिम परिवारों की बेटियों की शादी एक साथ कराई जा रही हैं। ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अन्तर्गत नगर क्षेत्र से चयनित 41 कन्याओं में से 11 हिंदू व 30 मुस्लिम कन्या योजना के तहत पात्र मानी गई थी, जिनमें से आज 37 कन्या और उनके परिजन विवाह के लिए उपस्थित हो पाये। इनमें एक हिंदू और तीन मुस्लिम कन्या शादी के लिए समारोह में उपस्थित नहीं हो पाये हैं। इसके लिए समाज कल्याण विभाग को रिपोर्ट दे दी गई है। समारोह में कन्याओं को योजना के तहत समाज कल्याण विभाग द्वारा 35-35 हजार रुपये की आर्थिक सहायता के लिए चैक और दस हजार रुपये कीमत का सामान उपलब्ध कराया गया। कार्यक्रम में पालिका सभासद मनोज वर्मा, देवेश कौशिक, नवनीत गुप्ता, प्रशांत गौतम, शौकत अंसारी, अन्नू कुरैशी, रजत धीमान, हनी पाल, नौशाद पहलवान, रविकांत शर्मा काका, जिला समाज कल्याण अधिकारी विनीत कुमार मलिक, पालिका के कर निर्धारण अधिकारी दिनेश यादव, राजस्व निरीक्षक पारूल यादव, अमित कुमार, अमरजीत सिंह समेत अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

कोरोना वायरस जैसे एचएमपीवी के देश में 8 केसः केंद्र ने कहा- राज्य निगरानी बढ़ाएं

नई दिल्ली, 07 जनवरी (एजेंसी)। कोरोना जैसे वायरस एचएमपीवी के देश में 8 केस हो गए हैं। मंगलवार को महाराष्ट्र के नागपुर में 2 केस सामने आए। यहां एक 13 साल की लड़की और एक 7 साल का लड़का संक्रमित मिला है। दोनों ही बच्चों को लगातार सर्दी-बुखार था। इसके बाद प्राइवेट लैब की जांच में दोनों की रिपोर्ट पॉजिटिव आई। हालांकि इन्हें अस्पताल में भर्ती नही करना पड़ा। इलाज के बाद उनकी स्थिति कंट्रोल में है। इससे एक दिन पहले कर्नाटक और तमिलनाडु में 2-2, पश्चिम बंगाल और गुजरात में एक-एक केस मिलाकर वायरस के कुल 6 मामले सामने आए थे। इनमें ज्यादातर बच्चे हैं। केंद्र ने राज्यों को 'इंफ्लूएंजा लाइक इलनेस' और 'सीवर एक्यूट रेस्पिरेट्री इश्यूज' जैसी सांस की बीमारियों की निगरानी बढ़ाने और एचएमपीवी के बारे में जागरूकता फैलाने की सलाह दी है। देश के 4 राज्यों में संक्रमण के मामले मिलने के बाद स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने कहा था कि यह नया वायरस नहीं है और सरकार हालात पर नजर रखे हुए है। विशेषज्ञों ने यह कह दिया है कि एचएमपीवी कोई नया वायरस नहीं है। 2001 में इसकी पहली बार पहचान हुई थी। इसके बाद ये दुनिया में फैला। ये सांस लेने से फैलता है, हवा के माध्यम से फैलता है। ये सभी एज ग्रुप के लोगों पर असर करता है।

मुजफ्फरनगर के एएसपी व्योम बिंदल सहित पन्द्रह आईपीएस का तबादला

लखनऊ, 07 जनवरी (एजेंसी)। यूपी के पुलिस विभाग में बड़ा फेरबदल हुआ है। मुजफ्फरनगर के एएसपी व्योम बिंदल सहित 15 आईपीएस अधिकारियों के तबादले हुए हैं। मंगलीवार देर शाम आठ जिलों लखीमपुर खीरी, मैनपुरी, भदोही, मिर्जापुर, कनौज, सुल्तानपुर, बस्ती और अमरोहा के एसपी भी बदे गये हैं। शासन के आदेश के मुताबिक सहारनपुर के एएसपी सिटी अभिमन्यु मांगलिक को भदोही का एसपी बनाया गया है। मुजफ्फरनगर में एएसपी व्योम बिंदल को सहारनपुर में प्रभारी एसपी सिटी बनाया गया है। लखनऊ पुलिस कमिश्नरेट में पुलिस उपायुक्त संकल्प शर्मा को लखीमपुर खीरी का एसपी बनाया गया है। लखीमपुर में तैनात गणेश साहा को मैनपुरी का एसपी बनाया गया है। सुल्तानपुर के एसपी सोमेन वर्मा को मिजार्पुर का एसपी बनाया गया है। अमरोहा के एसपी कुंवर अनुपम सिंह को सुल्तानपुर भेजा गया है। मिजार्पुर के एसपी अभिनन्दन को बस्ती की जिम्मेदारी सौंपी गई है। भदोही की एसपी डॉ. मीनाक्षी कात्यायन को कानपुर में एसपी इंटेलिजेंस बनाया गया है, जबकि कानपुर में तैनात बसंत लाल को एसीओ मुख्यालय भेजा गया है। बस्ती के एसपी गोपाल कृष्ण चौधरी को लखनऊ कमिश्नरेट भेजा गया है। कन्नौज के एसपी अमित कुमार आनंद को अमरोहा में तैनात किया गया है। डीजी अभियोजन दीपेश जुनेजा को सीबीसीआईडी का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा गया है। मैनपुरी के एसपी विनोद कुमार को कन्नौज का नया एसपी बनाया गया है। गृह सचिव डॉ. संजीव गुप्ता को डीजीपी मुख्यालय भेजने का आदेश निरस्त कर दिया गया है। डीजीपी के जीएसओ एन. रविन्दर का एडीजी एसीओ के टद पर किया गया तबादला भी निरस्त कर दिया गया है। आईजी मुख्यालय नचिकेता झा को आईजी स्थापना बनाया गया है। आईजी स्थापना शलभ माथुर को आईजी कार्मिक बनाया गया है।

सुप्रीम कोर्ट ने आसाराम बापू को मेडिकल आधार पर 31 मार्च तक दी अंतरिम जमानत

नयी दिल्ली, 07 जनवरी (वार्ता) उच्चतम न्यायालय ने 2013 के दुष्कर्म मामले में आजीवन कारावास की सजा काट रहे 86 साल के स्वयंभू संत आसाराम बापू को एक मामले में मंगलवार को मेडिकल आधार पर 31 मार्च तक के लिए सशर्त अंतरिम जमानत दी। न्यायमूर्ति एम एम सुंदरेश और न्यायमूर्ति राजेश बिंदल की पीठ ने मानवीय आधार पर उनकी गंभीर बीमारियों की चिकित्सा के लिए यह राहत दी। पीठ ने आसाराम पर जमानत पर जेल से बाहर रहने के दौरान सबूतों से छेड़छाड़ न करने के अलावा अपने अनुयायियों से नहीं मिलने जैसी शर्तें लगाई हैं। पीठ ने 31 मार्च 2025 तक अंतरिम जमानत देते हुए इस दौरान लगाई गई शर्तों का अनुपालन करने का निर्देश देते हुए संकेत दिया कि जमानत अवधि समाप्त होने की तारीख के आसपास आसाराम की चिकित्सा स्थिति का पुनर्मूल्यांकन किया जा सकता है।

खतौली में चार अवैध कॉलोनियों पर चला बुलडोजर

खतौली, 7 जनवरी (बु.)। मुजफ्फरनगर विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष कविता मीना के निर्देशन में नगर क्षेत्र की चार कॉलोनियों में विभागीय टीम द्वारा बुलडोजर चलाकर अवैध प्लॉटिंग निर्माण को ध्वस्त किये जाने से भू-माफियाओं में हड़कम्प मच गया।

मिली जानकारी के अनुसार खतौली तहसील क्षेत्र में भू-माफियाओं द्वारा किये जा रहे अवैध निर्माण व प्लॉटिंग की लगातार मिल रही शिकायतों के बाद मंगलवार को नींद से जागे एमडीए विभाग द्वारा अचानक नगर क्षेत्र में चार कॉलोनियों में बुलडोजर द्वारा अवैध निर्माण को ध्वस्त किये जाने की कार्यवाही शुरू की गयी। इस दौरान मुजफ्फरनगर विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष कविता मीना के निर्देशन में भारी पुलिसबल के साथ एमडीए विभाग द्वारा नगर क्षेत्र के सफेदा बाईपास क्षेत्र में लगभग दस बीघा भूमि में, बुआड़ा रोड पर भू-स्वामियों द्वारा लगभग 12 बीघा भूमि क्षेत्र में किये जा रहे अवैध निर्माण, गांव शेखपुरा में लगभग 15 बीघा क्षेत्र तथा मीरापुर रोड स्थित क्षेत्र में तीन बीघा क्षेत्र में विकास प्राधिकरण से मानचित्र स्वीकृत कराये बिना किये जा रहे अवैध निर्माण को बुलडोजर द्वारा मौके पर ध्वस्त किया गया। विभागीय अधिकारियों के कथानानुसार उक्त क्षेत्रों में की जा रही अवैध प्लॉटिंग के विरुद्ध प्राधिकरण द्वारा पूर्व में नोटिस जारी किये गए थे, परन्तु इसके बाद भी भू स्वामियों द्वारा उक्त क्षेत्रों से अवैध प्लॉटिंग को नहीं हटाया गया, जिसके कारण इन अवैध कॉलोनियों में ध्वस्तीकरण की कार्यवाही प्राधिकरण द्वारा की गयी। इस दौरान प्राधिकरण विभाग के एक्सईएन विनीत अग्रवाल, सहायक अभियंता भरतपाल, जू.ई. अवनीश कुमार, हितेश गुप्ता, नायब तहसीलदार अमित रस्तौगी, लेखपाल अश्वनी आदि सहित पुलिस अधिकारी आदि मौजूद रहे। विकास प्राधिकरण द्वारा ध्वस्तीकरण की कार्यवाही से क्षेत्र के बिल्डरों में हड़कम्प मचा रहा।

मुजफ्फरनगर जनपद में भाजपा के 21 मण्डल अध्यक्ष और मण्डल प्रतिनिधियों की घोषणा

मुजफ्फरनगर, 7 जनवरी (बु.)। प्रदेश चुनाव प्रभारी डॉ. महेन्द्र नाथ पाण्डेय की संस्तुति के उपरान्त आज भाजपा के मण्डलाध्यक्षों व मण्डल प्रतिनिधियों की घोषणा कर दी गयी। वैसे तो उक्त घोषणा के होने का अनुमान 5 जनवरी के आसपास का था, मगर दो दिन की देरी से आज इसकी घोषणा की गयी। इसके बाद जिलाध्यक्षों व प्रदेश अध्यक्ष की घोषणा होनी बाकी है। आपको बता दें कि वर्ष 2027 की चुनावी तैयारी व तीन-तीन वर्षों का मण्डलाध्यक्षों व जिलाध्यक्षों का कार्यकाल पूरा हो जाने के चलते यह फेरबदल किया गया है। वर्ष 2027 का चुनाव इन्हीं जिलाध्यक्षों की देखरेख में कराया जायेगा। वर्तमान में आज जिन मण्डलाध्यक्षों की घोषणा हुई है, वे निम्न हैं :-

क्रम	विधानसभा नं. व नाम		क्रम	मण्डल का नाम	मण्डल अध्यक्ष का नाम	जिला प्रतिनिधि का नाम
1	11	बुढ़ाना	1	बुढ़ाना	श्री मनोज उर्फ मोनू कुश्वल	श्री राम नरेश कुमार
2			2	शाहपुर	डॉ0 मनीश त्यागी	डा0 नीतू सैनी
3			3	सिसौली	श्री सहदेव चौधरी	श्री धनकुमार सैनी
4			4	फुगाना	श्री तेलूराम कश्यप	श्री चन्द्र शेखर सिंह
5	12	चरथावल	1	बघरा	श्री रोबिन कश्यप	श्री जितेन्द्र मलिक
6			2	बहलना	श्री वीरेन्द्र सैनी	श्री जितेन्द्र मणि कश्यप
7			3	हरसौली	श्री प्रशान्त कुमार	श्री प्रदीप कुमार
8			4	बिरालसी	श्री प्रवीण राणा	श्री भूपेन्द्र सिंह
9	13	पुरकाजी (सु0)	1	रोहाना	श्री बबली राणा	श्री आशोक धीमान
10			2	सरवट	श्री संदीप शर्मा	श्री पंकज अपवेज
11	14	सदर	1	केशव	श्री नन्द किशोर पाल	श्री कपिल त्यागी
12			2	हनुमत	श्री दीपक मित्तल	श्री अखिलेश शर्मा
13			3	कूकड़ा	श्री अमित शास्त्री	श्रीमती पूजा सैनी
14	15	खतौली	1	खतौली	श्री प्रवीण ठकराल	श्री आदेश मोखला
15			2	जानसठ	श्री रोहित खत्री	श्री राम निवास प्रजापति
16			3	तिसंग	श्री अरूण सिंह गुर्जर	श्री राहुल चौहान
17	16	मीरापुर	1	मीरापुर	श्री सचिन ठाकुर	श्री अभिषेक गर्ग
18			2	बहेड़ा सादात	श्री सुबोध सैनी	श्री अमित बैनीवाल
19			3	मोपा	श्री संजय कोरी	श्री अजीत नायक
20			4	शुकतीर्थ/मोरना	श्री अरुण कुमार पाल	श्री धर्मेन्द्र शर्मा
21			5	सम्भलहेड़ा	श्री अनुराज चौधरी (पवार)	श्री अमरजीत सिंह गूर्जर